News सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-277
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, बुधवार 10 जनवरी 2024

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM


**आज का विचार**

*सफ़लता का सीधा संबंध परिश्रम से है,जो व्यक्ति परिश्रम से डरता है वह कभी सफ़लता नहीं पा सकता।*





हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


# शराब के नशे में धुत्त टीचर की शर्मनाक करतूत

## छात्र से मारपीट कर नाखून से खरोंचा



**भोपाल।** प्राथमिक शाला सिंगपुर में पदस्थ शिक्षक ने शराब पीकर छात्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के साथ बच्चे को नाखून से खरोंच भी दिया। बच्चे के पिता ने महाराजपुर पुलिस थाने सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिक्षक की शिकायत की है। घटना के बाद शिक्षक स्कूल में ताला लगाकर भाग गया है। जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला सिंगपुर में पदस्थ शिक्षक देवेंद्र लोधी रोजाना शराब पीकर स्कूल आता है। सोमवार को भी वह शराब पीकर पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट करते हुए अपशब?द कहे। इसकी शिकायत बच्चों ने घर जाकर अपने माता-पिता को की। बच्चों के अभिभावकों ने महाराजपुर पुलिस थाना आकर जानकारी दी और एक लिखित आवेदन देकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में एक बच्चे के कान के यहां खरोंच के निशान होने पर एमएलसी कराई है और मामले को जांच में लिया है अभिभावकों और बच्चों ने पुलिस को बताया कि यह शिक्षक प्रतिदिन शराब पीकर स्कूल आता है और बच्चों के साथ गाली-गलौज करता है। कई बार तो यह जूते से पिटाई करता है। मामला सामने आने के बाद जनपद शिक्षा केंद्र में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच के लिए मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बी आर सी मंगलवार सिंगपुर स्कूल पहुंचेंगे।

*ग्राम सिंगपुर के बच्चे और अभिभावक थाने आए थे। यहां उन्होंने आवेदन दिया है। शिकायत में छात्र और अभिभावक ने टीचर द्वारा शराब पीकर मारपीट, गाली गलौज करने की बात कही है। आवेदन की जांच की जा रही है और शिक्षक को धारा 160 का नोटिस भेजा है। बच्चों के कान में खरोंच आने पर उसकी एमएलसी कराई गई है। एसडीएम, बीआरसी को पूरे मामले की सूचना दी गई है। - मीनेश भदौरिया, थाना प्रभारी महाराजपुर*

### सीएम लाडली बहनों के खाते में डाली 8वीं किस्त

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खाते में ट्रांसफर किए 1250 रुपये

## शिवराज बोले- बहनो, आज 10 तारीख है, खुशियों का सूरज चमकता रहेगा



*भोपाल। प्रदेश में पूर्ववर्ती शिवराज सरकार द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में आज नई किश्त पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के जरिए 1,576 करोड़ रुपये लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए। डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों को 1576 करोड़ एवं हितग्राहियों को ?341 करोड़ की पेंशन व आर्थिक सहायता के अंतरण कार्यक्रम का शुभारम्भ कन्याओं का पूजन कर किया।इसके साथ ही प्रदेश के 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये की पेंशन व आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। सीएम मोहन यादव दोपहर करीब 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे और कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण सप्ताह प्रारंभ हो गया, जो 15 जनवरी तक चलेगा। इसमें जिलों में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। महिला सशक्तीकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित इस उत्सव की शुरुआत मुख्यमंत्री ने महिलाओं को उपहार में कंगन और मिठाई देकर की। इसे मकर संक्रांति उत्सव नाम दिया गया है। महिला सशक्तीकरण सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों, प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान, उल्लेखनीय कार्य करने वाले शौर्य दल के सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसी बालिकाएं, जिनके द्वारा सूचना देकर स्वयं का बाल विवाह रुकवाया हो, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।*




### नारी सशक्तीकरण में नहीं छोड़ेंगे कसर - मोहन यादव

इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा - महिला सशक्तिकरण, हमारा प्रण। प्रदेश में आज से मकर संक्रांति उत्सव की शुरुआत हो रही है और मुझे प्रसन्नता है कि पहले दिन हम मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1.29 करोड़ बहनों को 1576 करोड़ की सहायता प्रदान करने जा रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यही वजह है कि आज देश की नारी शक्ति किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। मेरी बहनों, मेरा आपसे यह वादा है कि आपके सशक्तीकरण में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा -

# नरेंद्र मोदी हर चीज को निजी तौर पर ले रहे..





दिल्ली। नरेंद्र मोदी सत्ता में आने के बाद हर चीज को निजी तौर पर ले रहे हैं। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को मीडिया में मालद्वीप और भारत विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कही है। इसके साथ ही दो देशों के बीच परस्पर अच्छे रिश्ते रखने का मशवरा प्रधानमंत्री को दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के सांसद की पोस्ट को लेकर विवाद पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, नरेंद्र मोदी सत्ता में आने के बाद हर चीज को निजी तौर पर ले रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने चाहिए। हमें समय के अनुसार कार्य करना चाहिए क्योंकि हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते। यह है पूरा मामला: दरअसल, बीते 4 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप की यात्रा की थी इस दौरान उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की। पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की साझा की गई पोस्ट पर मालदीव के सांसद जाहिद रमीज ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि, क्या मालदीव और भारत के बीच प्रतिस्पर्धा हो सकती है। मालदीव के 3 मंत्रियों माशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम मस्जिद ने मोदी द्वारा के पोस्ट किए गए फोटो पर अपमानजनक टिप्पणी की। इसके अलावा इसके बाद यह मामला इतना बढ़ गया कि, मालदीव सरकार ने तीनो मंत्रियों को पद से हटा दिया।

# नरेंद्र मोदी भारत के इतिहास में सबसे सफल प्रधानमंत्री:मुकेश अंबानी



**गांधीनगर (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गया है। इस दौरान कार्यक्रम में कई देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी शामिल हैं। अमीराती बहुराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के ग्रुप चेयरमैन और सीईओ, सुल्तान अहमद बिन सुलेयम ने कहा कि डीपी वर्ल्ड अगले 3 वर्षों में 3 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त निवेश करने की योजना बना रहा है। हम कांडला बंदरगाह पर 2 मिलियन कंटेनर की क्षमता वाले अत्याधुनिक कंटेनर टर्मिनल का निर्माण करके गुजरात की अर्थव्यवस्था को समर्थन देना जारी रखेंगे। हम भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गहरे व्यापार, रोजगार और सांस्कृतिक सहयोग की आशा करते हैं। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि आर्थिक विकास के प्रभाव से जबरदस्त सामाजिक विकास भी हुआ है। गुजरात ने स्पष्ट रूप से खुद को भविष्य के प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित किया है। टाटा ग्रुप के लिए गुजरात बेहद खास जगह है। हाल ही में, हमने गुजरात राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं की हैं। साणंद हमारे सभी इलेक्ट्रिक वाहनों की तकनीक का घर बनता जा रहा है। हमने साणंद में अतिरिक्त क्षमता के साथ उपस्थिति का विस्तार किया ताकि हम इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांगों को पूरा कर सकें। हम साणंद में 20 गीगावॉट लिथियम-आयन बैटरी के लिए एक विशाल गीगा फैक्ट्री का निर्माण शुरू करने वाले हैं, इस परियोजना का निर्माण अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाना चाहिए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा कि, गुजरात और 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में आपका स्वागत है - जो आज दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित निवेशक शिखर सम्मेलन है। इस तरह का कोई अन्य शिखर सम्मेलन 20 वर्षों तक जारी नहीं रहा है और लगातार मजबूत होता जा रहा है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शिता और निरंतरता के लिए एक श्रद्धांजलि है। जेफ़री चुन, ग्लोबल सीईओ, सिम्मटेक, दक्षिण कोरिया ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में, सिम्मटेक हमारे उद्योग-अग्रणी ग्राहकों को श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, आईसी सब्सट्रेट और उच्च-घनत्व इंटरकनेक्ट मुद्रित सर्किट बोर्ड प्रदान करता है। हम गुजरात राज्य में अपने प्रमुख ग्राहक माइक्रोन के प्रोजेक्ट के बाद कोलोकेशन निवेश के रूप में भारत परियोजना में अपना दृष्टिकोण साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह पहली बार नहीं है जब हम कोलोकेशन निवेश के साथ अपने प्रमुख ग्राहक की आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क का समर्थन कर रहे हैं। अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडानी ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात आपके (पीएम मोदी) असाधारण दृष्टिकोण की आश्चर्यजनक अभिव्यक्ति है। इसमें आपके सभी विशिष्ट हस्ताक्षर, भव्य महत्वाकांक्षा, विशाल पैमाने, सावधानीपूर्वक शासन और त्रुटिहीन निष्पादन शामिल हैं। इसने एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित किया क्योंकि हमारे सभी राज्य भारत के औद्योगिक परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से तैयार करने के लिए प्रतिस्पर्धा और सहयोग करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर्स के लिए वैश्विक केंद्र बनाने का पीएम मोदी का दृष्टिकोण भारत के भविष्य के लिए एक बड़ा आर्थिक चालक होगा क्योंकि भारत तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत के लिए आगे जबरदस्त अवसर हैं। वाइब्रेंट गुजरात उन दूरदर्शी विचारों को भी संबोधित करेगा जो सेमीकंडक्टर शक्ति के रूप में भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। आज, मुझे दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों में से एक और मेमोरी और स्टोरेज में अग्रणी माइक्रोन का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। माइक्रोन के नवाचार चार दशकों से अधिक समय से सभी कंप्यूटिंग प्रणालियों के केंद्र में रहे हैं। मेमोरी एआई का एक प्रमुख प्रवर्तक है और माइक्रोन मेमोरी में एक अग्रणी पावरहाउस है।




## 3 मार्च नहीं अब 7 जुलाई को होगी परीक्षा, आदेश जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है और अब यह इस साल सात जुलाई को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष परीक्षा के वास्ते पात्रता के लिए 'कट-ऑफ' तिथि 15 अगस्त है। पहले यह परीक्षा तीन मार्च को होनी थी। बोर्ड ने एक बयान में कहा, ''एनबीईएमएस नोटिस, दिनांक 09.11.2023 के अनुरूप और 3 जनवरी, 2024 को एनएमसी पत्र की प्राप्ति के अनुसार, नीट-पीजी 2024 परीक्षा, जिसे पहले 3 मार्च, 2024 को अस्थायी रूप से आयोजित करने के लिए अधिसूचित किया गया था, को पुनर्निर्धारित किया गया है।'' इसमें कहा गया, नीट-पीजी 2024 अब 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। हाल ही में अधिसूचित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियमन, 2023 के अनुसार, मौजूदा नीट-पीजी परीक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक कि पीजी प्रवेश के उद्देश्य से प्रस्तावित राष्ट्रीय निकास परीक्षा (एनईएक्सटी) कार्यान्वित नहीं हो जाती।'' नीट-पीजी एक पात्रता-सह-रैंकिंग परीक्षा है जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम के तहत विभिन्न एमडी/एमएस और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल प्रवेश परीक्षा के रूप में निर्धारित है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा में प्रत्याशियों पर मंथन शुरू

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन शुरू कर दिया है। मोदी की गारंटी का नैरेटिव सेट कर रही पार्टी जीत पक्की करने के लिहाज से उन 48 लोकसभा सीटों पर कद्दावर नेताओं को उतारने की योजना बना रही है, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर 2% से कम रहा था। भाजपा जिन सीटों पर 35-52% से ज्यादा के अंतर से जीती थी, वहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया जाएगा। पिछले चुनाव में 0.2 से 1.91% तक कुल 48 लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार-जीत हुई थी। इनमें 10 उत्तर प्रदेश से है, जहां भाजपा जीती थी। 48 में से 27 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी 1 % से कम अंतर से चुनाव जीते थे। जबकि जिन 50 सीटों पर जीत का अंतर 35% से अधिक रहा, उनमें 40 से ज्यादा पर भाजपा जीती थी।

## सिंगल कॉलम

### शासन को देना है जवाब, निगम ने पहले ही कहा याचिका आधारहीन तथ्यों पर आधारित

*केंद्र द्वारा निर्धारित रकम से साढ़े तीन गुना ज्यादा वसूली के बावजूद शहर की जनता को आठ सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा पाने के मुद्दे को लेकर हाई कोर्ट में चल रही जनहित याचिका में बुधवार को सुनवाई होना है। राज्य शासन को याचिका में जवाब देना है। नगर निगम पहले ही जवाब देते हुए कह चुका है कि याचिका आधारहीन तथ्यों पर आधारित है। इसे निरस्त किया जाए।हाई कोर्ट में चल रही इस जनहित याचिका में कहा है कि नगर निगम सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट, सफाई, यातायात प्रबंधन, स्टार्म वाटर लाइन, सीवरेज, लोक परिवहन के नाम पर केंद्र द्वारा निर्धारित रकम से साढ़े तीन गुना वसूली कर रहा है। इन आठ सुविधाओं में से चार सेवाएं जनता को आधी-अधूरी ही मिल रही हैं, जबकि बाकी चार सेवाओं का तो शहर में अता-पता ही नहीं है। याचिकाकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने दायर की है। उनका कहना है कि केंद्र ने उपरोक्त आठ सुविधाओं के लिए अधिकतम 1806 रुपये निर्धारित किए हैं। यानी नगर निगम को नागरिकों से अधिकतम 1806 रुपये लेकर उन्हें यह सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान में इंदौर नगर निगम इन सुविधाओं के लिए 6299 रुपये खर्च कर रहा है जबकि आमजन से इन सुविधाओं के बदले में 6513 रुपये वसूल रहा है। बावजूद इसके नागरिकों को पूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। धार्मिक स्थल, शिक्षण संस्थान और रहवासी क्षेत्र में खुली शराब दुकानों को लेकर सुनवाई आज शहर में धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रहवासी क्षेत्रों में खुली शराब दुकानों के खिलाफ हाई कोर्ट में चल रही जनहित याचिका में बुधवार को सुनवाई होगी। याचिका में कहा है कि नियमानुसार शिक्षण संस्थान, धार्मिक स्थल, रहवासी क्षेत्रों में शराब दुकानें संचालित नहीं की जा सकतीं, लेकिन ऐसा हो रहा है और शासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। राज्य और केंद्र द्वारा जारी अधिसूचनाओं में स्पष्ट है की धार्मिक संस्थान, शिक्षण संस्थान, रहवासी क्षेत्रों, नशामुक्ति केंद्रों, राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब दुकानें संचालित नहीं हो सकती। इसके बावजूद इंदौर में 173 और पूरे प्रदेश में 3405 इस तरह की दुकानें संचालित हो रही हैं। रहवासी क्षेत्रों में शराब दुकान होने से महिलाएं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल है।*

### हिंदी हैं हम, भाषा को बढ़ावा देने में दिग्गज संस्थानों का अहम योगदान

*इंदौर भले ही मराठी, गुजराती, मालवी, अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी भाषी होने के कारण कास्मोपालिटन शहर हो, किंतु फिर भी हिंदी ही इस शहर के हृदय के सबसे करीब है। यह शहर आज भी हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तरह-तरह के प्रयास करता है। हिंदी को सर्वोच्च दर्जा और पहचान दिलाने के लिए शहर के दिग्गज संस्थान भी सहयोग कर रहे हैं।यहां के मेडिकल, आइआइएम जैसे संस्थानों में हिंदी भाषा के पाठ्यक्रमों की स्वीकार्यता बढ़ने लगी है। इसी प्रकार शहर में कभी महात्मा गांधी ने हिंदी को जिस गौरवशाली स्थान पर पहुंचाने की बात कही थी, इंदौर और मध्य प्रदेश में हिंदी उस राह पर बढ़ती नजर आ रही है। विश्व हिंदी दिवस पर नईदुनिया सिटी में हम आपको बताएंगे हिंदी के लिए किए जा रहे इंदौर के प्रयासों के बारे में।*
*हिंदी में प्रबंध और नेतृत्व पढ़ाने की तैयारी*
*भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) इंदौर ने हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान में हिंदी भाषा में प्रबंधन और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने के लिए नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई है। यह पाठ्यक्रम इसी महीने शुरू होगा। इसके अलावा संस्थान हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं पर ध्यान केंद्रित करता रहा है। आइआइएम सीखने की प्रक्रिया में भाषाई सहजता को भी महत्व देता है।*

### आज मैं पीकर आया हूं, गाड़ी तेज चलाऊंगा... और थोड़ी देर बाद रेस्त्रां संचालक की जान ले ली

*लारेल्स इंटरनेशनल स्कूल की बस ने रेस्त्रां संचालक की जान ले ली। बस बच्चों को छोड़ने जा रही थी और तेज रफ्तार थी। चालक ने इशारा कर बच्चों से कहा था- %आज मैं पीकर आया हूं। गाड़ी बहुत तेज चलाऊंगा। थोड़ी देर बाद रेस्त्रां संचालक की जान ले ली। एक स्कूटर चालक गंभीर घायल है।घटना जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित माणिकबाग ब्रिज के नीचे मंगलवार दोपहर करीब दो बजे की है। लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल स्कूल की बस (एमपी 09-एफए 5393) बच्चों को छोड़ने जा रही थी। अंधे मोड़ पर सामने से आ रहे 38 वर्षीय दीपक पुत्र मुरली चावला को टक्कर मार दी। दीपक को घसीटते हुए बस बिजली के खंभे में घुसकर रुक गई। दीपक सीने और सिर में चोट लगने के कारण दीपक की तो मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य स्कूटर चालक देवा उर्फ देवानंद हरियाणी, जय जगत नगर को चपेट में लिया, जिसकी हालत गंभीर है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गुस्साई भीड़ ने चालक रामेश्वर रामचंद्र कटारिया साल निवासी खेड़ा चिकली तराना माकड़ोन (उज्जैन) को गिरफ्तार कर लिया है। परिचालक मौका देखकर फरार हो गया है। बस को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। बस में तीन छात्राएं बैठी थी।*

# राम कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं - दीदी मां




**सिटी चीफ इंदौर।**
भगवान राम ने राम राज्य की स्थापना के बाद जनता के नाम अपने पहले संदेश में कहा था कि बड़े सौभाग्य की बात है मनुष्य तन मिलना। रामचरित मानस की सभी चौपाईयां कल्याणकारी हैं, जिनमें मनुष्य जीवन को विवेकपूर्ण और सार्थक बनाने के लिए अनेक मंत्र दिए गए हैं, लेकिन सबका सार यही है कि रामकृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है।मनुष्य की योनि हमें चौरासी लाख योनियों के बाद मिली है और इसको इसलिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है कि यह कर्म प्रधान योनि है। स्वर्ग में भी देवताओं को कर्म करने की स्वतंत्रता नहीं है। सत्संग की पात्रता भी केवल मनुष्यों को ही प्राप्त है। इसी सत्संग से हमें विवेक की प्राप्ति होती है, जो सुख के आनंद को समझने में मददगार बनता है। यह बात रामायणम अयोध्या की प्रमुख दीदी मां मंदाकिनी ने स्कीम 51 स्थित माता मंदिर बगीचे में कही। वे पांच दिवसीय राम कथा महोत्सव के तृतीय दिवस संबोधित कर रहे थे। दीदी मां के सानिध्य में श्रीराम नाम लेखन का अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। सैकड़ों श्रद्धालु सुबह 9 से 11 बजे तक संत निवास पहुंचकर संकीर्तन के बाद राम नाम लेखन में जुटे रहते हैं। इसके अलावा कथा स्थल पर भी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक द्वारा राम नाम का लेखन किया जा रहा है। राम राज्य एक विचारधारा और जीवन दर्शन दीदी मां ने कहा कि राम राज्य एक विचारधारा और जीवन दर्शन है। किसी राजा के केवल सिंहासन पर बैठ जाने से ही राम राज्य नहीं आ जाएगा। देश में नैतिक मूल्य घट रहे हैं। क्लेश , चिंता और राग-द्वेष की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इस स्थिति में राम राज्य की पुनर्स्थापना के लिए हम सबको विवेक की जरूरत है। विवेक की प्राप्ति सत्संग से ही संभव है। यदि भगवान हमें सुख पहले दे दें और विवेक नहीं दें तो हमें उस सुख का आनंद ही नहीं मिल पाएगा। हमें जो मनुष्य शरीर मिला है, वह सभी योनियों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। विवेक की पात्रता केवल मनुष्य को ही मिली है, देवताओं को भी यह सुलभ नही है। जब राम राज्य की स्थापना हुई तब प्रभुराम ने अपने पहले संदेश में कहा था कि बड़े भाग मानुष तन पावा। यह इसीलिए कहा गया है क्योंकि मनुष्य और पशुओं में यही अंतर है कि हम कर्म करने में स्वतंत्र हैं, लेकिन पशु नहीं। स्वर्ग में भी कर्म करने की स्वतंत्रता नहीं है। राम कथा इसी मनुष्य जीवन को सार्थक और धन्य बनाने का रास्ता खोलती है।

## इंदौर में रेस्त्रां संचालक से स्वजन बिखलते हुए बोले-प्रबंधन पर दर्ज हो एफआइआर



**सिटी चीफ इंदौर।**
स्कूल बस की टक्कर से जान गवांने वाले दीपक चावला के स्वजन दुखी है। बुधवार सुबह-सुबह स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और बिलखते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन पर भी एफआइआर होना चाहिए। दीपक ही पूरा परिवार चलाता था। उसकी मौत से परिवार बुरी तरह टूट गया।टीआइ ने मुवाआजा की बात कही तो स्वजन भड़क गए और खरीखोटी सुना दी। लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल स्कूल की बस से मंगलवार दोपहर 38 वर्षीय दीपक मुरली चावला की मौत हो गई थी।शराब के नशे में धुत बस चालक रामेश्वर कटारिया लापरवाहीपूर्वक बस चला रहा था।सुबह स्वजन घटनास्थल आए और कहा कि दीपक की मौत के लिए स्कूल प्रबंधन भी बराबर का दोषी है। चालक नशे में था और उसको बस हाथ में दे दी। दीपक तो नियमानुसार चल रहा था। वह स्कूटर से बैंक जा रहा था।काल आने पर गाड़ी एक तरफ कर बात कर रहा था। नियम न मानता तो गाड़ी चलाते-चलाते बात कर सकता था। बस चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। जूनी इंदौर टीआइ शैलेंद्रसिंह जादौन ने समझाने की कोशिश की और कहा कि वह मुआवजा दिलवाने का प्रयास कर करेंगे। इस पर स्वजन भड़क गए और कहा कि मुवाआजा से इंसान की पूर्ति तो नहीं हो सकती है। राजमहल कालोनी निवासी 38 वर्षीय दीपक का माणिक बाग ब्रिज के नीचे सिंध कराची के नाम से नानवेज का रेस्त्रां है। दीपक ही रेस्त्रां संभालता था। वह कुक का काम भी कर लेता था। उसका छोटा भाई है जो कुछ नहीं करता है। हादसे से पूरा परिवार टूट गया है। उनकी मांग है कि स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई हो। रहवासी भी घटना स्थल पर अतिक्रमण और अवैध पार्किग हटाने की मांग कर रहे है।

## 2028 तक कान्ह और सरस्वती नदी होगी प्रदूषण मुक्त, बनेगा एक्शन प्लान



**सिटी चीफ इंदौर।**
शहर में कान्ह-सरस्वती नदी को वर्ष 2028 तक प्रदूषणमुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही एक विस्तृत एक्शन प्लान बनाया जाएगा। इसमें एक दीर्घकालीन कार्य नीति होगी और एक अल्पकालीन कार्य नीति होगी। जो उद्योग अपशिष्ट पदार्थ और सीवेज को बिना उपचार सीधे नदी-नालों में प्रवाहित कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।ये निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को सिटी बस कार्यालय परिसर के सभागृह में नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला उद्योग केंद्र, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए। उन्होंने इंदौर के नदी-नालों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कार्य नीति तैयार करने के विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की। बैठक में निगमायुक्त हर्षिका सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, प्रदूषण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ऐसे नाले चिन्हित करें जहां पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की है जरूरत कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देश दिए कि नमामि गंगे और अमृत 2.0 योजना अंतर्गत प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के साथ ही शहर में ऐसे अन्य नाले भी चिन्हांकित किए जाएं, जहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जरूरत है। जिले में जो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पहले से कार्यरत हैं, उनका भी अच्छी तरीके से संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे नाले जिनमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगा है, उनकी भी टर्बिडिटी कम करने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। साथ ही फिल्टर मीडिया आदि का उपयोग करने पर भी विचार किया जाए।
ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे 119 कम्युनिटी लीचपिट व 49 ग्रेवल फिल्टर बैठक में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में शिप्रा व कान्ह नदी के किनारे 62 ग्राम पंचायतें हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में 119 कम्युनिटी लीचपिट व 49 ग्रेवल फिल्टर लगाए जाएंगे, ताकि नदी-नालों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाए। इसमें प्रत्येक ग्राम के लिए अलग कार्य नीति बनाई जाएगी। कलेक्टर ने उन्हें निर्देश दिए कि इन सभी ग्राम पंचायतों में यदि कोई ऐसा बड़ा नाला हो जो परंपरागत तरीके से प्रदूषण मुक्त न बना जा सके, वहां पर भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जो उद्योग स्थापित हैं, वह भी नदी नालों को प्रदूषित न करें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को भी पुराने बैरेजेस की मरम्मत और स्टाप डेम आवश्यकता अनुसार बनवाने के लिए भी प्रस्ताव तीन से चार दिन में तैयार करने के निर्देश दिए।

# सीए फाइनल में इंदौर की सिमरन और इंटरमीडिएट में रुद्राक्ष बने सिटी टापर



**सिटी चीफ इंदौर।**
द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) के सीए नवंबर सेशन की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। सीए फाइनल में इंदौर की सिमरन राजानी आल इंडिया 43वीं रैंक प्राप्त करते हुए सिटी टापर बनी। वहीं सीए इंटरमीडिएट में इंदौर के रुद्राक्ष खंडेलवाल ने आल इंडिया 22वीं रैंक प्राप्त कर सिटी टाप किया है।दरअसल इंदौर से सीए फाइनल में दोनों ग्रुप में 672 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 62 ने दोनों ग्रुप पास किए तथा 105 ने एक ग्रुप पास किया। पहले ग्रुप में 558 लोगों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 40 पास हुए। दूसरे ग्रुप में 460 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 107 पास हुए। इस प्रकार इंदौर से सीए फाइनल में कुल 1690 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 314 को सफलता मिली है। फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल में प्राप्त की रैंक इंदौर की सिमरन राजानी ने सीए फाइनल में आल इंडिया 43वीं रैंक प्राप्त करके सिटी टाप किया है। वे कहती हैं सीए की तैयारी करना मुश्किल रहा। पढ़ाई तो प्रतिदिन 10 घंटे करती थी लेकिन उस दौरान दोस्त घूमने के लिए ट्रिप पर जाते थे। मैं अपनी पढ़ाई के कारण कहीं नहीं जा पाती थी। मेरी मेहनत आखिर रंग लाई। आज मेरे पिता मनोज और मां रोशनी राजानी बहुत खुश हैं। पिता का व्यवसाय है और मां गृहिणी हैं, हम तीनों का सपना सीए पास करना था। फाइनल में दोनों ग्रुप पास करके काफी खुशी हो रही है। मैंने सीए फाउंडेशन में आल इंडिया 10वीं रैंक प्राप्त करके राज्य टाप किया था और इंटरमीडिएट में 28वीं रैंक प्राप्त की थी। मां के मोटिवेशन से मिली सफलता इंदौर के रुद्राक्ष खंडेलवाल सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा में आल इंडिया 22वीं रैंक प्राप्त करके सिटी टापर बने हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां चाहती थी कि मैं सीए बनूं। इसके लिए मैंने 2022 में सीए फाउंडेशन की परीक्षा दी और अच्छे अंकों से पास हुआ। लेकिन 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भी मेरे 99 प्रतिशत अंक आए और मुझे दिल्ली विश्वविद्यालय में बीएमएस कोर्स के लिए प्रवेश मिल गया। इसलिए मैंने सीए को बीच में छोड़ दिया। इसके बाद मेरी मां रितु खंडेलवाल ने दोबारा सीए बनने पर जोर दिया, तो मैंने तैयारी शुरू की और घंटों पढ़ाई करके सफलता प्राप्त की। रुद्राक्ष की मां और पिता ब्रजेश खंडेलवाल व्यवसायी हैं। उनके चचेरे भाई भी सीए हैं। रुद्राक्ष भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा भी देना चाहते हैं। स्थिरता से मिली सफलता राजगढ़ जिले के ब्यावरा की कोमल गुप्ता ने सीए इंटरमीडिएट में सिटी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कोमल कहती हैं मैं हमेशा से सीए की परीक्षा पास करके परिवार वालों को गर्व महसूस कराना चाहती थी। इसके लिए मैं प्रतिदिन लगभग 13 घंटे पढ़ाई करती थी। मेरी बड़ी दीदी सीए हैं और उन्होंने हर छोटी-छोटी चीजों में मेरा सहयोग किया। उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता था। मेरे पिता राजेश गुप्ता व्यवसायी हैं और मां भावना गुप्ता गृहिणी हैं। सभी ने काफी प्रोत्साहित किया। परीक्षा पास करने के लिए स्थिरता चाहिए और मैंने इसी तरह यह सफलता प्राप्त की। परीक्षा के लिए दीपावली पर नहीं गया घर खरगोन जिले के बड़वाह निवासी संयम जैन ने सीए फाइनल में सिटी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। संयम कहते हैं मैं प्रतिदिन लगभग दस घंटे पढ़ाई करता था। मेरी चचेरी बहन सीए है और उन्हीं से मुझे प्रेरणा मिली। हालांकि यह परीक्षा मेरे लिए थोड़ी मुश्किल रही क्योंकि परीक्षा दीपावली के दौरान आयोजित की गई। इसके चलते मैंने पहली बार घरवालों के बिना अकेले दीपावली सेलिब्रेट किया। छह महीने तक मैं इंदौर में ही रहा और परीक्षा देने के बाद ही घर वापस गया। परीक्षा में सफलता मिलने से घर पर सभी बहुत खुश हैं।

## पीएससी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने नोट्स से करें तैयारी




**सिटी चीफ इंदौर।**
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी करते समय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन जरूरी है, जो कोचिंग क्लासेस के माध्यम से मिलता है। इस दौरान किताबों से अध्ययन करने के अलावा अभ्यर्थियों को अपने नोट्स बनाने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ऐसा करने से विषय को बेहतर ढंग से समझा और विस्तार दिया जा सकता है। यहां तक कि परीक्षा से पहले माक टेस्ट देते रहें। इसके चलते परीक्षा देते समय की टाइमिंग पता लग सके।100 सीटों पर चयन के लिए मेरिट आधार पर अभ्यर्थियों को मौका दिया जाता है। उसके बाद ही अभ्यर्थी रहते हैं तो उन्हें विशेष अनुमति प्राप्त कर कक्षाओं में बैठाया जाता है। वे कहते हैं कि राज्य सेवा परीक्षा-2019 का रिजल्ट जारी हुआ, जिसमें 50 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन जागरूकता शिविर का आज




**सिटी चीफ इंदौर।**
खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक ने जानकारी दी है कि यह जागरूकता शिविर कार्यक्रम बुधवार 10 जनवरी सुबह 12 बजे से इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर) सांवेर इंडस्ट्री एरिया, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे से आईटीआई में किया जाएगा।सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में बैंकों के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए इंदौर जिले में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इंदौर में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। शासकीय संभागीय आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि इस मेले में इंदौर एवं पीथमपुर की लगभग 10 कंपनियां शामिल होंगी और साक्षात्कार लेकर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। मेले में 18 से 28 वर्ष आयु तक के 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 8 हजार से 15 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु आयोजन स्थल में उपस्थित हो सकते हैं। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जायेगी। मेले में प्रतियोगिता के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## पुस्तक प्रदर्शनी लगने के साथ ही हिंदी विषय पर होगा व्याख्यान

**सिटी चीफ इंदौर।**
शहर में विभिन्न धार्मिक-सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के कार्यक्रम 10 जनवरी को होंगे। इसमें शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित पद्मावती वेंकटेश देवस्थान पर ब्रह्मोत्सव में पुष्प बंगला सजाया जाएगा। इसके साथ ही जैन संतों द्वारा धर्म सभा को भी संबोधित किया जाएगा। शहर में आज पुस्तक प्रदर्शनी लगेगी और हिंदी विषय पर व्याख्यान भी होगा। साथ ही आध्यात्मिक शिविर में तनाव मुक्त जीवन के उपाएं वक्ताओं द्वारा सुझाएं जाएंगे। पांच दिवसीय आध्यात्मिकता के पथ पर जीवन उत्सव शिविर ज्ञान शिखर ओम शांति भवन पलासिया में आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह और शाम 7.30 से 8.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुंबई से आए मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ईवी गिरीश संबोधित करेंगे। वे तनाव मुक्त जीवन के उपाए बताएंगे।- पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम विद्या पैलेस कालोनी एरोड्रम रोड पर रामानुजाचार्य स्वामी केशवाचार्य महाराज के सान्निध्य में 18वां ब्रह्मोत्सव 8 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें तीसरे दिन सुबह 8 बजे से विभिन्न पूजा अनष्ठान होंगे। शाम को यहां फूल बंगला भी सजाया जाएगा। महोत्सव का समापन 12 जनवरी को होगा। साहित्य और हिंदी में रूचि रखने वालों के लिए आज का दिन बहुत खास है। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में सुबह 10 बजे से पुस्तक प्रदर्शनी लगेगी और शाम 4 बजे हिंदी की वैश्विक स्थिति पर व्याख्यान होगा। आप अपनी सुविधा के अनुरूप आयोजन का हिस्सा बना सकते हैं। आज 2 बजे बाद यदि आप विजयनगर क्षेत्र में हैं और आपके पास वक्त है तो महालक्ष्मी नगर मैदान में लगे मेले का आनंद ले सकते हैं।

# मध्य प्रदेश में निकाय के उप चुनाव में 22 में से 16 सीटें भाजपा ने जीतीं

**सिटी चीफ भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश के नगरीय निकायों के उप चुनाव में भी कांग्रेस को झटका लगा है। 22 वार्डों के लिए हुए उप चुनाव में 16 स्थानों पर भाजपा जीती है। दो जगह तो भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध कोई प्रत्याशी ही नहीं था। यहां निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कांग्रेस को केवल तीन स्थानों पर जीती मिली। जबकि, तीन वार्डों में निर्दलीय विजयी रहे।राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका के रिक्त 22 पार्षद पदों के लिए उप चुनाव कराया था। इसके परिणाम मंगलवार को घोषित हुए। पन्ना जिले की नगर पालिका ककरहटी



के वार्ड 13 और राजगढ़ की खुजनेर के वार्ड तीन में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीते। कटनी में दो, करेली, रामनगर में दो, बम्हनीबंजर, रतलाम, सिहोरा, सारणी, पटेरा, डही और सतवास के एक-एक वार्ड में भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे। मांडव, खंडवा और धनपुरी में कांग्रेस और श्योपुर, विजयपुर और मानपुर नगर पालिका में निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। उप चुनाव में मिली विजय को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने फिर सिद्ध कर दिया है कि एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी है। प्रदेश की जनता ने उप चुनाव में डबल इंजन की सरकार पर जो विश्वास जताया है, उससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर प्रदेश की जनता पूरी तरह से भरोसा जता रही है। कांग्रेस पार्टी को मध्य प्रदेश की जनता पूरी तरह से नकार चुकी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

# 20 लाख रुपये, कार नहीं देने पर रिश्ता तोड़ा मंगेतर पर दुष्कर्म, दहेज एक्ट का केस दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने एक इंजीनियर युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। साथ ही 20 लाख रुपये और कार की मांग करने पर मंगेतर के अलावा उसके माता-पिता के खिलाफ दहेज एक्ट का मुकदमा भी कायम किया गया है। इस मामले में अभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।यह है मामला महिला थाना पुलिस के मुताबिक 31 वर्षीय युवती वर्तमान में एक आइटी कंपनी में नौकरी करती है। करीब आठ साल पहले वह भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। उस वक्त उसकी पहचान उसी के जिले में रहने वाले विवेक यादव से हुई थी। बाद में दोनों के बीच प्रेम



प्रसंग हो गया। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। अप्रैल 2023 में दोनों के परिवार की सहमति से उनकी सगाई हो गई। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि सगाई के बाद युवक व उसके माता-पिता दहेज के रूप में बीस लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करने लगे। युवती के परिवारजनों ने जब दहेज देने से इंकार किया तो युवक और उसके माता-पिता ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर युवक और उसके स्वजन के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ताला तोड़कर बरामदे में घुसे बदमाश, छह घंटे में तीन बाइक चोरी

**सिटी चीफ भोपाल।** शहर में वाहन चोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी क्रम में बदमाश दुस्साहस का परिचय देकर पोर्च का ताला तोड़कर तीन बाइक उड़ा ले गए। वारदात कोहेफिजा थाना इलाके की पाश आम्रपाली कालोनी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच हुई। पुलिस घटनास्थल से मिले सीसीटीवी के फुटेज से अज्ञात चोरों के बारे में सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है।यह है मामलाकोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय अंकित पुत्र नरेंद्र कुमार सोनी, जैन नगर स्थित आम्रपाली कालोनी के मकान नंबर 75-76 में रहते हैं। उनकी चौक बाजार में एडी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है।



अंकित ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार रात 11 बजे उन्होंने अपनी बाइक मकान के पोर्च में ताला लगाकर खड़ी की थी। इसी तरह सुभाष सोनी और दीपक कुमार विश्वकर्मा की बाइक भी ताला लगी हुई पोर्च में खड़ी थीं। मंगलवार सुबह पांच बजे उन्होंने देखा कि पोर्च का ताला टूटा हुआ था। वहां रखी तीनों मोटरसाइकिलें चोरी जा चुकी थी। अज्ञात बदमाश बाइक का ताला तोड़कर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है।

**उद्योगपतियों से मिले मोहन यादव**

# एमपी के इन जिलों में सीमेंट और पावर प्लांट लगने से मिलेगा युवाओं को रोजगार

**सिटी चीफ भोपाल।** गोल्ड क्रेस्ट कंपनी मध्य प्रदेश के नीमच जिले में तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसका प्रस्ताव कंपनी ने दिया है। यह जानकारी कंपनी के प्रबंध निर्देशक आरएस जोशी ने मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से भेंट कर दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने कैप्टिव पावर प्लांट के साथ तीन मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का सीमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए निवेश का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में औद्योगिक इकाई लगाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में उद्योगपतियों से भेंट की। फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया ने बताया कि कंपनी



राज्य के पीथमपुर में 1987 से कार्यरत है और 4,515 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुकी है। दो हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है।

पिनेकल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डा. सुधीर मेहता ने बताया कि उनकी कंपनी पीथमपुर में 1996 से काम कर रही है और 175 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुकी है। एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। शासन ने पिनेकल मोबिलिटी साल्यूशन कंपनी को पीथमपुर में संयंत्र स्थापित करने के लिए 50 एकड़ भूमि दी है। सागर ग्रुप के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने रायसेन जिले में संचालित पांच स्पिनिंग इकाइयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इससे दो हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिला है। ग्रुप ने 200 करोड़ के निवेश के साथ बासमती चावल एवं अन्य चावल की इकाइयां भी स्थापित की हैं, जिसमें लगभग 400 लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा कि सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद की जाएगी।

# मध्य प्रदेश के इन दो संभाग के जिलों में बारिश की संभावना

**सिटी चीफ भोपाल।** वातावरण में नमी मौजूद रहने से जहां प्रदेश के अधिकतर शहरों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है, वहीं बादल भी छाए हुए हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को इंदौर एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। भोपाल में भी दोपहर बाद बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के कारण मौसम साफ होने लगेगा। साथ ही हवाओं का रुख उत्तरी होने से गुरुवार से रात के तापमान में तेजी से गिरावट होने लगेगी। बुधवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, सागर, जबलपुर संभाग के जिलों में सुबह मध्यम स्तर का कोहरा रहने की आशंका है।वातावरण में बड़े पैमाने पर नमी बनी रहने के कारण सुबह के समय कोहरा बना हुआ है। साथ ही कहीं-कहीं बादल भी बने हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बुधवार को इंदौर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। भोपाल संभाग के जिलों में भी कहीं-कहीं बूंदाबांदी के आसार हैं। कोहरा एवं बादल बने रहने के कारण रात के तापमान में विशेष गिरावट होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि कोहरा छंटने के बाद धूप निकलने की वजह से पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। उधर, बुधवार रात तक पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़कर आगे बढ़ने की संभावना है। इसके बाद हवाओं का रुख उत्तरी होने लगेगा। सर्द हवाएं चलने के कारण गुरुवार से रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी।

# हिंदी से पढ़ाई करने में रुचि नहीं दिखा रहे इंजीनियरिंग के विद्यार्थी

**सिटी चीफ भोपाल।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में हिंदी में पाठ्यक्रम लागू हुए दो साल हो चुके हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से पिछले साल तीन और इस साल चार इंजीनियरिंग कालेजों में हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की है, लेकिन पूरी सीटें अब भी नहीं भर नहीं पा रही हैं। इस सत्र में इंजीनियरिंग में हिंदी में 180 सीटों में से 90 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं पिछले सत्र में मात्र 19 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। हालांकि अब भी कई कालेजों ने हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू नहीं की है। ऐसे में विभाग को हिंदी पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले तैयारियां पूरी करनी थी। जिन कालेजों ने कुछ पाठ्यक्रमों की हिंदी में पढ़ाई शुरू की है, वहां विद्यार्थियों को ना तो हिंदी में किताबें मिल पा रही है और ना ही



प्रोफेसर मिल पा रहे हैं। इस कारण विद्यार्थियों का हिंदी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने को लेकर रुझान कम है।इंदौर स्थित एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड रिसर्च में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इंडियन लैंग्वेज पाठ्यक्रम हिंदी में शुरू किया गया है। इसमें इस सत्र में सौ फीसद सीटों पर प्रवेश हुए हैं। हिंदी में किताबें अनुवाद करने की रफ्तार धीमी आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) की ओर से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की किताबों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को नोडल बनाया है। इसके लिए एआइसीटीई की ओर से आरजीपीवी को 81 किताबें अनुवाद के लिए देना था। अब तक एआइसीटीई ने 44 किताबें ही हिंदी अनुवाद के लिए उपलब्ध कराई हैं। अभी दो साल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू की गई है। सभी कालेजों में इसकी शुरुआत नहीं हुई है।इसमें किताबों और प्रोफेसरों की कमी है। इस कारण कम विद्यार्थी प्रवेश ले रहे हैं।

# दीपक खरे चुने गए जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष, मनोज श्रीवास्तव सचिव बने

**सिटी चीफ भोपाल।** जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में मंगलवार को हुई मतगणना के बाद दीपक खरे ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेश व्यास को 136 वोटो के अंतर से पराजित किया। चुनाव नतीजे आने के बाद न्यायालय परिसर के बाहर जश्न का माहौल देखा गया। इस चुनाव में संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष एवं मनोज श्रीवास्तव सचिव पद के लिए चुने गए। इस दौरान विजयी उम्मीदवारों ने सभी का आभार जताते हुए अधिवक्ताओं की भलाई के लिए काम करने की बात कही।गौरतलब है कि इन चुनावों के लिए सोमवार को न्यायालय परिसर में मतदान हुआ था, जिसमें 3616 अधिवक्ताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष तथा पुरुष/महिला कार्यकारिणी सदस्य के 30 पदों हेतु कुल 96 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान के लिए



न्यायालय परिसर में 20 हजार वर्गफीट में पंडाल लगाया गया था और 100 पोलिंग बूथ निर्मित किये गए थे। साथ ही निर्वाचन की संपूर्ण प्रकिया को पारदर्शिता प्रदान करने के लिए वीडियो रिकार्डिंग का भी इंतजाम किया गया था।

## गर्भवती होने पर महिला को काम से निकाला, एडीएम ने दिए जांच के निर्देश

राजधानी के जयप्रकाश (जेपी) अस्पताल में स्थित वन स्टाप सेंटर सखी में काम करने वाली महिला डेस्क वर्कर को नौकरी से सिर्फ इसलिए निकाल दिया, क्योंकि वह गर्भवती हो गई थी। महिला ने जब अपनी समस्या बताते हुए मातृत्व अवकाश लेने की बात कही तो उसे दफ्तर से बाहर कर दिया गया। पीड़ित महिला मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंची। यहां एडीएम हरेंद्र नारायण ने उसकी समस्या सुनने के के बाद वन स्टाप सेंटर के संचालक को जांच के निर्देश दिए हैं।रातीबड़ निवासी रानी गढ़वाल पत्नी सोनू सूर्यवंशी ने बताया कि वह पिछले नौ वर्ष से जेपी अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर सखी में डेस्क वर्कर के रूप में काम कर रही थी। यह सेंटर एक एनजीओ द्वारा चलाया जाता है। मई 2023 में गर्भवती होने पर स्टाफ में साथ काम करने वाली शिवानी सनी और सौम्या सक्सेना का व्यवहार बदल गया।

## बस में हुई थी किसान की हत्या, बीमा कंपनी को चुकाना होगा पौने सात लाख रुपये मुआवजा

**सिटी चीफ भोपाल।** छह साल पहले राजधानी में लो फ्लोर बस में सफर के दौरान दो जेबकतरों में एक यात्री की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मृतक पेशे से किसान था। इस मामले में राजधानी की एक अदालत ने बस का बीमा करने वाली कंपनी को मृतक के स्वजन को 6,75,000 रुपये का मुआवजा देने के आदेश दिया है। संभवतः सफर के दौरान वाहन में हुई हत्या के मामले में क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का राजधानी में यह पहला मामला है।बैरसिया के ग्राम टांडा निवासी कमल सिंह खेती-किसानी करते थे। 21 फरवरी 2017 को वह अपने बहनोई हिम्मत सिंह के साथ भोपाल में कलेक्टर कार्यालय जा रहे थे। वह लो फ्लोर बस में सवार हुए थे। बस कोहेफिजा थानांतर्गत स्टेट बैंक चौराहा के पास पहुंची थी, तभी बस में सवार एक युवक ने रुपये चोरी करने की नीयत से कमल सिंह की जेब में हाथ डाल दिया था। कमल सिंह ने बदमाश का हाथ पकड़ लिया था, तभी जेबकतरे के साथी ने कमल सिंह की जांघ में चाकू घोंप दिया था। अधिक खून बह जाने के कारण कमल सिंह की मौत हो गई थी।



अदालत ने फैसले में यह कहा इस मामले में कमलसिंह की पत्नी शांतिबाई ने अपने अधिवक्ता रणधीरसिंह ठाकुर के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। सुनवाई के बाद अपर जिला न्यायाधीश विनय भारद्वाज ने बीमा कंपनी को पीड़ित परिवार को 6,75,000 रुपये देने का आदेश दिया। अधिवक्ता की दलीलों को मानते हुए पारित आदेश में लिखा कि बस में सफर के दौरान की गई हत्या सोची-समझी साजिश के तहत ना होकर दुर्घटनात्मक हत्या थी। जिसमें चाकू मारने वाले का उद्देश्य चोरी करना था, ना कि हत्या करना। यह घटना मोटरयान के उपयोग के समय हुई थी। इसलिए बस की बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया कंपनी को मृतक के स्वजन को पांच प्रतिशत ब्याज के साथ मुआवजा देने का आदेश दिया। यह राशि कंपनी को अधिकरण के खाते में जमा करना होगा।

# प्रधानमंत्री की रैली में आ रही बस से हुई थी दंपती की मौत

**कलेक्टर को 44 लाख का मुआवजा देने का आदेश**

**सिटी चीफ भोपाल।** बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भोपाल में आयोजित रैली में आ रही बस की टक्कर से बाइक सवार मजदूर दंपती की मौत हो गई थी। इस मामले में राजधानी की एक अदालत ने नरसिंहपुर कलेक्टर को मृत दंपती के चार नाबालिग बच्चों को 44 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह राशि दो माह में छह प्रतिशत ब्याज सहित चुकानी होगी।भोपाल के ग्राम निपानिया जाट निवासी संतोष बंशकार 14 नवंबर 2021 को अपनी पत्नी पूजा व नाबालिग पुत्र आशीष के साथ रायसेन रोड स्थित ग्राम खरबई जा रहा था। बिलखिरिया थाना के पास एक बस ने बंशकार दंपती को टक्कर मार दी थी। उपचार के दौरान पति-पत्नी की मौत हो गई थी। बस नरसिंहपुर से बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने वाले लोगों को लेकर आ रही थी। बस को जिला कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा रैली के लिए अधिगृहीत किया



था। पीड़ित पक्ष की तरफ से इस मामले में पैरवी करने वाले एडवोकेट रणधीरसिंह ठाकुर ने बताया कि बस का बीमा नहीं था। लंबी चली सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने बंशकार दंपती की मौत के मामले में बस का बीमा नहीं होने के कारण 44 लाख का मुआवजा नरसिंहपुर कलेक्टर द्वारा देने का आदेश पारित किया। दावा अधिकरण ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि वाहन घटना दिनांक को राज्य शासन के जिलाधीश नरसिंहपुर द्वारा अधिगृहीत किया गया था। इस कारण समस्त क्षतिपूर्ति दायित्व की देयता जिला कलेक्टर नरसिंहपुर की होगी।

## संपादकीय

# श्रीकरणपुर सीट पर मंत्री की हार का इशारा किस ओर है...

राजस्थान में 3 दिसंबर 2023 को सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी को श्रीगंगानगर की श्रीकरणपुर सीट पर 11 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ताजपोशी के बाद इस चुनाव को सरकार का लिटमस टेस्ट माना जा रहा था। भाजपा इस सीट को जीतने को लेकर कितनी प्रयत्नशील थी, यह इसी बात से पता चलता है कि उसने श्रीकरणपुर से अपने प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मतदान से सप्ताह भर पहले मंत्री पद की शपथ भी दिला दी थी। राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी भले हार के कारणों की समीक्षा की बात कह रहे हैं, लेकिन चुनाव का परिणाम कहीं ना कहीं भाजपा के लिए मनोबल गिराने वाला जरूर है। आखिर सत्ताधारी दल और मंत्री को हराकर मतदाता किस ओर इशारा कर रहा है? दरअसल, श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इस सीट पर कांग्रेस ने इमोशनल कार्ड खेलते हुए गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाया। भाजपा की तरफ से पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी उम्मीदवार थे, जो पहले वसुंधरा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। भाजपा को डर था कि इमोशनल कार्ड खेलते हुए कांग्रेस यहां बाजी पलट सकती है, इसलिए पार्टी ने सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मतदान से पहले मंत्री भी बना दिया, ताकि जनता में स्पष्ट संदेश जाए कि वो एक विधायक को नहीं, बल्कि मंत्री को चुन रही है, जो दांव उल्टा पड़ गया है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में 200 में से 199 सीटों पर जब चुनाव हुआ था तो भाजपा को 115 और कांग्रेस को 69 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। हालांकि, दोनों पार्टियों के मत प्रतिशत में बहुत ज्यादा अंतर नहीं था। भाजपा को 41.69 प्रतिशत वोट व 1,65,24,787 मत मिले, जबकि कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वोट व 1,56,67,947 मत मिले। कांग्रेस उस तरीके से चुनाव में धराशाही नहीं हुई, जैसी 2013 के विधानसभा चुनाव में हुई थी, तब पार्टी मात्र 21 सीटों पर सिमट गई थी। इस बार उसने भाजपा को कड़ी टक्कर दी। श्रीकरणपुर के चुनाव नतीजों से कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर जा पहुंचा है और यह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान से झलकता भी है। गहलोत ने बयान दिया है कि श्रीकरणपुर की जनता ने भाजपा के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है। गहलोत के बयान से साफ है कि कांग्रेस अब बेहद आक्रमक रहने वाली है। लोकसभा चुनाव को अब चंद दिन शेष रह गए हैं। राजस्थान विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी कहा जा रहा था, जिसमें भाजपा ने जीत हासिल कर यह बताया कि वो लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। भाजपा, जिसने पिछले दो लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सभी 25 सीटों पर विजय हासिल की है, इस बार उसे कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिल सकती है। श्रीकरणपुर सीट के चुनाव नतीजे को देखकर यह साफ पता चलता है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अभी से पेटी बांध ली है। कांग्रेस पार्टी की तैयारी शुरू हो गई हैं। विधानसभा चुनाव में आंकड़ों को देखकर लगता है कि कांग्रेस एक दर्जन सीटों पर भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकती है। टोंक- सवाईमाधोपुर, दौसा, करौली-धौलपुर, सीकर, झुंझुनूं, नागौर, कोटा, डूंगरपुर-बांसवाड़ा, जयपुर ग्रामीण की सीट ऐसी हैं, जहां कांग्रेस की स्थिति विधानसभा चुनाव में ठीक-ठाक रही है। कांग्रेस इन्हीं सीटों पर ज्यादा मेहनत करेगी, ऐसा साफ संकेत उसने दे दिया है। यह बात ठीक है कि कांग्रेस को श्रीकरणपुर में इमोशनल कार्ड खेलने का फायदा मिला है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी को निश्चित रूप से आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि श्रीकरणपुर सीट पर पार्टी प्रत्याशी को मंत्री बनने के बावजूद पार्टी क्यों हारी? क्या यह जनता का कोई संकेत है? लोकसभा चुनाव से पहले जनता किस ओर इशारा करना चाह रही है? भारतीय जनता पार्टी को श्रीकरणपुर सीट की हार पर गंभीरता से समीक्षा करने की जरूरत है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही है, जो कब किसे धराशाही कर दे, पता नहीं चलता।

# जोधपुर से 11 बैलगाड़ियों में आ रहा 251 कलश गाय का घी, देश के हर कोने से उमड़ रही श्रद्धा

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है और 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देश के कोने-कोने से आस्था उमड़ रही है। अभी हाल ही में खबर आई थी कि प्रभु श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 टन सुगंधित चावल भेजे जा रहे हैं। भंडारण का काम संभाल रहे दिवाकर का कहना है कि देश के अलग-अलग हिस्सों से विभिन्न खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि जोधपुर के 11 बैलगाड़ियां रवाना हुई थी, जिसमें 251 कलश भरकर गाय का घी अयोध्या भेजा गया है। यज्ञ में गौघृत का इस्तेमाल किया जाएगा।उत्तर प्रदेश का कन्नौज जिला आलू उत्पादन के लिए विख्यात है। यहां का आलू देशभर में भेजा जाता है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के भंडारे के लिए कन्नौज से भी भारी तादाद में आलू अयोध्या भेजा जा रहा है। वहीं सहारनपुर से कई क्विंटल दाल अयोध्या भेजी जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देशभर से जो भी खाद्यान्न सामग्री आ रही है। उसका माप तौल नहीं किया जा रहा है, क्योंकि इससे दान का महत्व कम हो जाता है। दिवाकर कहते हैं कि गोघृत, सुवासित चावल के अलावा भी कई साग्रमी आ रही है। रामसेवकपुरम में भंडारण की व्यवस्था देखते ही बनती है। मधुर सीताफल और गुड़ तो अयोध्या का ही है। असम से सुगंधित चाय आई है। इसके अलावा दालचीनी, अदरक आदि अन्य मसाले भी ट्रक भर कर आ रहे हैं।

# पड़ोसः चीन की शह पर भारत विरोधी रहा है मालदीव का रुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के तीन मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों देशों के बीच पहले से ही खराब चल रहे रिश्ते को बड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भी उन टिप्पणियों की जमकर आलोचना की है। हालांकि मालदीव सरकार नुकसान की भरपाई करने में जुट गई है और टिप्पणी करने वाले मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को निलंबित कर दिया है, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि मौजूदा मालदीव सरकार का रुख भारत विरोधी रहा है, जिसे चीन से समर्थन मिलता है। बीजिंग ने अभी मालदीव के 1,200 द्वीपों में 17 को पट्टे पर लिया हुआ है, जो पूरे मालदीव में फैले हुए हैं और चीन की तीन सबसे बड़ी परियोजनाओं की लागत कुल मिलाकर 1.5 अरब डॉलर है, जो मालदीव की जीडीपी के 40 फीसदी से यादा है। मालदीव में चीन का निवेश 97 करोड़ डॉलर को पार कर गया है, जिसे चुकाना मालदीव जैसे गरीब देश की क्षमता से बाहर है। फिर भी मौजूदा मुइज्जू सरकार भारत के प्रभाव को घटाने और चीन के प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मालदीव में चीन के प्रभाव को कम करने के लिए भारत ने 50 करोड़ डॉलर की सबसे बड़ी नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजना की घोषणा करने का तार्किक कदम उठाया, जिसके तहत 6.7 किलोमीटर लंबा पुल और सड़क बनेगी, जो मालदीव की राजधानी माले को तीन नजदीकी द्वीपों से जोड़ेगी। इस तरह से भारत लंबाई, पैमाने और लागत के मामले में 20 करोड़ डॉलर की लागत से बने मालदीव-चीन मैत्री पुल को पीछे छोड़ देगा। लेकिन चीन के प्रति मुइज्जू के झुकाव को देखते हुए भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है, जिन्होंने अभी हिंद महासागर द्वीप समूह में तैनात भारतीय सैनिकों को लौटाने का फैसला किया है। यह मुख्यतः मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की



'भारत पहले' की नीति को पलटने के उद्देश्य से उठाया गया कदम है। इसके अलावा मुइज्जू सरकार ने एक और भारत-विरोधी निर्णय के तहत हाइड्रोग्राफी (जल सर्वेक्षण विज्ञान) के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के सहमति पत्र के नवीनीकरण के खिलाफ फैसला लिया है। सिर्फ मालदीव में ही नहीं, बल्कि नए वर्ष में भारतीय विदेश नीति के समक्ष कई चुनौतियां हैं। चीन अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका सहित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है, जिसके लिए इसकी खतरनाक कर्ज-जाल नीति, विस्तारवाद और बीआरआई के माध्यम से दिए जा रहे प्रलोभन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विदेश नीति के विशेषज्ञों का मानना है कि भारत एशिया में खुद को चीन की तुलना में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है, हालांकि दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। लेकिन अमेरिका के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक सहयोग से वह चीन को मात दे सकता है। भारत के साथ अमेरिका का रक्षा और आर्थिक सहयोग दोनों देशों के रिश्ते को और मजबूत करेगा, जिसका असर वैश्विक मंच पर हो सकता है। चीन की कर्ज जाल नीति में पाकिस्तान पूरी तरह से फंस चुका है, जिससे निकट भविष्य में निकलना उसके लिए असंभव है। आगामी फरवरी में पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव से राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है, क्योंकि नवाज शरीफ के सत्ता में लौटने की संभावनाएं बन रही हैं। नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की इछा जताई है। चीन नेपाल का सबसे बड़ा निवेशक और व्यापार भागीदार के रूप में उभरा है, जिसने दोनों देशों के आर्थिक एवं कूटनीतिक रिश्तों को बदल दिया है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है और बीआरआई के क्रियान्वयन के लिए दबाव बना रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है, लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ सदियों पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था, जिसे मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने सुधारने की बहुत कोशिश की है। अब भारत ने कई आर्थिक पहल की है, जिनमें दीर्घकालीन व्यापार समझौता, बिजली की खरीद और पारगमन संधि, आदि हैं, जो द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम दे सकते हैं। भारत को बीआरआई की किसी भी प्रगति पर नजर रखनी होगी, क्योंकि 1,770 किलोमीटर की खुली सीमा के कारण सुरक्षा जोखिम होगा। हम्बनटोटा में चीन ने 4.5 अरब डॉलर का निवेश किया था, जिसने नई दिल्ली के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा कर दी थीं। लेकिन श्रीलंका जब आर्थिक पतन के कगार पर था, तो चीन उसकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। ऐसे में, भारत को उदारता दिखाने का मौका मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के साथ श्रीलंका का मौजूदा दोस्ताना रवैया जारी रह सकता है, क्योंकि भारत ने खुले दिल से सहयोग किया और चार अरब डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी, जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज से यादा है। भारत को श्रीलंका से रिश्ते और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में भारत समर्थक शेख हसीना फिर से सत्ता में लौट आई हैं। चीन ने हमेशा बांग्लादेश में गहरी दिलचस्पी दिखाई है, जो 2016-22 के दौरान 26 अरब डॉलर के निवेश से स्पष्ट है। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में चीन सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है और वह अब वहां अपना निवेश और बढ़ा सकता है। चीन ने म्यांमार में जातीय विद्रोही गुटों का समर्थन करने के अलावा वहां तानाशाही का पूरा समर्थन किया है। अमेरिका और उसके सहयोगी देश यूक्रेन और गाजा के युद्ध में व्यस्त हैं, जिससे तानाशाही शासकों को लोकतांत्रिक ताकतों को कुचलने की छूट मिल गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को चीन की दो महासागरीय रणनीति और बीआरआई व अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के खेल पर नजर रखनी होगी। भूटान के रिश्ते भारत से अछे हैं, लेकिन चीन के बढ़ते प्रभाव से सुरक्षा का खतरा पैदा हो सकता है। भारत को भूटान को चीनी प्रलोभनों से दूर रखना होगा। विश्लेषकों का मानना है कि सार्क देशों में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए चिंताजनक है। इसलिए उसे नियंत्रण में रखने के लिए ठोस रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे।

# विश्व हिंदी दिवसः वैश्विक हो रहीं चुनौतियां, देशज विमर्श और लोगों के स्वाभिमान से ही मिलेगी प्रतिष्ठा

संयुक्त राष्ट्र भी हिंदी में ट्वीट, पॉडकास्ट और रेडियो प्रसारण कर रहा है। पर हिंदी को प्रतिष्ठा देशज विमर्श और लोगों के स्वाभिमान से ही मिलेगी। संचार और तकनीक क्रांति के पहले हिंदी की वैश्विक उपस्थिति के लिए सिर्फ और सिर्फ हिंदी सिनेमा को ही जिम्मेदार माना जाता था। ऐसा था भी, लेकिन संचार और तकनीकी क्रांति ने हिंदी का जितना वैश्विक प्रसार किया है, उतना शायद ही कभी हुआ हो। आज स्थिति यह है कि विश्व हिंदी दिवस करीब 180 देशों में मनाया जाता है। हिंदी प्रेमी, पाठक, श्रोता और दर्शक संचार और तकनीकी क्रांति के जरिये दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ हिंदी पढ़, सीख और देख सकते हैं, पत्रकारिता और सृजन के जरिये हिंदी को दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ समृद्ध कर सकते हैं, बल्कि उसे पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों तक पहुंचा भी सकते हैं। हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार और पहुंच के चलते यह धारणा विकसित हो रही है कि हिंदी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। लेकिन ऐसा नहीं है। हिंदी की राह में अब भी कई बाधाएं हैं। जर्मन समाजशास्त्री मैक्सवेबर ने जिस नौकरशाही को लोकतंत्र का स्टील फ्रेम कहा है, उसका मानस अब भी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के हिंदी प्रेम के बावजूद अब भी नौकरशाही का मानस विदेशी भाषा में ही सोचने और उसी भाषा में नीतियां बनाने पर केंद्रित है। पिछले करीब एक दशक में शासन-प्रशासन में हिंदी का प्रयोग बढ़ा है। लेकिन असलियत में हिंदी अब भी विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस पर सेलिब्रेट करने का ही एक जरिया है। हिंदी के विस्तार में बाजार ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। भारत का विशाल मध्य वर्ग दुनिया की नजर में सबसे बड़ा बाजार है। इस मध्य वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने के लिए उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं को अपना हथियार बनाया है, जिनके बारे में दशक भर पहले तक सोचा नहीं जा सकता था कि वे अंग्रेजी के इतर किसी भाषा को अपने कामकाज का जरिया बना सकती हैं। लेकिन जिस सहजता से उनका सामान महानगरों के घर-घर तक पहुंच रहा है, उसी सहजता के साथ उन्होंने उन सुदूर इलाकों तक अपना उत्पाद पहुंचा दिया है, जहां अब भी भारतीय प्रशासन तंत्र पहुंचने से कतराता है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि बाजार या संचार किसी भाषा का प्रसार तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन भाषा को प्रतिष्ठा नहीं दिला सकते। भाषा को प्रतिष्ठा उसके अपने देशज विमर्श और उसे बोलने वालों के स्वाभिमान से मिलती है। दुर्भाग्यवश हिंदी को लेकर अब भी ऐसी स्थिति नहीं बन पाई है। हालांकि भाषाओं को लेकर कहावत है, भाषा बहता नीर। यानी बहाव के साथ ही जिस तरह पानी में जीवंतता रहती है, भाषाएं भी अपने प्रवाह की ही वजह से जिंदा रहती हैं। इन अर्थों में देखें, तो हिंदी भी संचार क्रांति के साथ लचीली बनी हुई है। लेकिन हिंदी का मानकीकरण ना होने की वजह से हिंदी के व्याकरण के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। हिंदी दूसरी भाषाओं के शब्द ले रही है, यहां तक तो ठीक है। लेकिन उन शब्दों को अपने व्याकरण में ढाला जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बतौर विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर हिंदी का जो सिंहनाद किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भी जारी रखा। हिंदी में संयुक्त राष्ट्र का दफ्तर भी ट्वीट कर रहा है, हिंदी में पॉडकास्ट और रेडियो प्रसारण भी कर रहा है। लेकिन यह भी सच है कि इसी दौर में भारत में अंग्रेजी इस कदर स्थापित हुई है कि गैर अंग्रेजीभाषी देश भी भारत से संपर्क के लिए हिंदी या अपनी भाषा के बजाय अंग्रेजी को ही अपना जरिया बनाते हैं। हिंदी की एक चुनौती स्थानीय राजनीतिक बोध भी है। खासकर गैर हिंदीभाषी राज्यों का स्थानीय नेतृत्व यदा-कदा अपने सियासी फायदे के लिए हिंदी के खिलाफ कुछ बयान दे देता है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में यदा-कदा हिंदी बोलने वालों पर स्थानीय स्तर पर दबाव बनाया जाता है कि वे कन्नड़ या मराठी बोलें। भाषाओं को दबाव के जरिये नहीं सीखा या सिखाया जा सकता। इसे दुर्योग ही कहेंगे कि आजादी के पचहत्तर साल बाद भी हिंदी को गैर हिंदीभाषी इलाके के स्थानीय राजनीतिक बोध के गैरवाजिब हमले का सामना करना पड़ता है। हिंदी को स्वाभिमान के साथ स्नेह की भी भाषा बनाना पड़ेगा। हिंदी की वैश्विक उपस्थिति तब कहीं ज्यादा सार्थक और सहज होगी।



# इस दिन खरमास होगा समाप्त, मांगलिक कार्य फिर होंगे शुरू, जनवरी में बजेंगी इतनी



इस साल खरमास की शुरुआत 16 दिसंबर 2024 से हुई थी। वहीं 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास का समापन हो जाएगा। 15 जनवरी को सूर्य मकर राशि में सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर प्रवेश करेंगे और इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। ऐसे में खरमास के खत्म होते ही एक महीने से बंद पड़े सभी तरह के मांगलिक और धार्मिक अनुष्ठान फिर से शुरू हो जाएंगे। इस दौरान गृह प्रवेश, विवाह, मुंडन, सगाई और अन्य तरह के सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। ऐसे में चलिए जानते हैं कि खरमास के खत्म होते ही कौन-कौन से कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे और इसके बाद जनवरी माह में कितने शुभ मुहूर्त हैं....15 जनवरी को मकर संक्रांति है और इसी दिन से खरमास का समापन होगा। इसके बाद सारे शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। मकर संक्रांति के बाद से गृह प्रवेश, नए वाहन-भूमि की खरीदारी, विवाह, जनेऊ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि सूर्य जब गुरु की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं तो वह अपने गुरु की सेवा में लग जाते हैं। इस दौरान उनका प्रभाव कम हो जाता है, इसलिए इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है।

# पॉलिटिक्स में बनाना चाहते थे करियर

## बोले- गिरफ्तारी और पिटाई हुई फिर



*पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड के मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं. पंकज त्रिपाठी ने अपने अब तक के करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं और अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है. फिलहाल एक्टर दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में नजर आएंगे. इन सबके बीच पंकज ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने लाइफ से जुड़े कई खुलासे किए साथ ही बताया कि कभी उनका पॉलिटिक्स की तरफ झुकाव हो गया था।*

***क्या पंकज राजनीति में एंट्री करना चाहते थे?***

*एक इंटरव्यू में पंकज ने बिहार में अपने कॉलेज के दिनों के बारे में बात की और कहा कि वह एबीवीपी का हिस्सा थे. एक्टर ने कहा, बिहार में हर कोई राजनेता है. यह पूछे जाने पर कि क्या पंकज ने उस समय राजनीति में शामिल होने के बारे में सोचा था तो इस पर एक्टर ने कहा कि वह अपना करियर बनाना चाहते थे लेकिन एक बार गिरफ्तार होने के बाद उन्होंने यह विचार त्याग दिया. उन्होंने कहा, मैंने उस समय राजनीति में प्रवेश करने के बारे में कभी नहीं सोचा था. एक विचार था कि मैं इस लाइन में आगे बढ़ सकता हूं, लेकिन फिर एक गिरफ्तारी हुई और पुलिस ने मुझे पीटा इसलिए मैंने वह विचार वहीं छोड़ दिया।पंकज त्रिपाठी ने कहा कि यही वह समय था जब उन्हें थिएटर में इंटरेस्ट होने लगा और उन्होंने उसी रास्ते पर आगे बढ़ने का फैसला किया।*

***पंकज त्रिपाठी वर्क फ्रंट***

*वहीं पंकज त्रिपाठी के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर की पिछले साल 'ओएमजी 2' और 'फुकरे 3' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था. हाल ही में पंकज की वेब सीरीज 'कड़क सिंह' भी ओटीटी पर रिलीज हुई थी जिसे काफी पसंद किया जा रहा है. वहीं अब पंकज जल्द ही 'मैं अटल हूं' में दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का रोल प्ले करतें नजर आएंगें. ये बायोपिक इस साल 19 जनवरी को रिलीज़ होगी।*

# 'एनिमल' देखने के लिए मेकर्स ने दिया ऑफर

## अब मात्र इतने रुपये में उठा सकेंगे फिल्म का लुत्फ





मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर घोषित हो चुकी है। बीते साल एक दिसंबर को रिलीज हुई यह फिल्म अब भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हो रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल, अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी की एक्टिंग को भी काफी सराहना मिली है। डंकी और सलार जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी एनिमल बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। इस बीच फिल्म के मेकर्स ने दर्शकों के लिए बेहद खास ऑफर दिया है। अब तक जिन्होंने यह फिल्म नहीं देखी है, उन्हें ध्यान में रखते हुए निर्माताओं ने फिल्म के टिकट की दर घटा दी है। इस बात एलान फिल्म के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से किया गया है इस खास ऑफर के तहत अब महंगे दर पर मिलने वाला एनिमल का टिकट केवल 100 रुपये में प्राप्त किया जा सकता है। एक्स पर शेयर किए गए पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए एक लिंक भी साझा किया गया है, जिससे दर्शक कम दाम में फिल्म के टिकट बुक कर सकते हैं। हाल ही में एनिमल की सफलता के बाद मुंबई में इसके मेकर्स ने एक ग्रैंड पार्टी का आयोजन किया था। इसमें फिल्मों के कलाकारों के अलावा इंडस्ट्री के कई दिग्गज हस्तियां भी नजर आई थीं। सोशल मीडिया पर इस इवेंट से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आए थे। एनिमल के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो यह फिल्म अब भी अच्छी कमाई कर रही है। 39वें दिन फिल्म ने 35 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन अब 550.85 करोड़ रुपये हो गया है। यह 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म है। पहले नंबर पर शाहरुख खान की जवान है, जिसने टिकट खिड़की पर 640.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

# ईशा कोप्पिकर के पति टिम्मी नारंग का खुलासा

## पिछले साल हुआ था तलाक



एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर और रेस्टोरेंट मालिक टिम्मी नारंग का तलाक काफी समय से चर्चा में है। इस बारे में ईशा के पति टिम्मी ने अपनी चुप्पी तोड़कर साफ़ किया है कि वे तलाक शुदा हैं। टिम्मी नारंग ने खुलासा किया कि दोनों ने तलाक के लिए अर्जी दी थी और पिछले साल नवंबर में उनका तलाक मंजूर हो गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों की 14 साल पुरानी शादी टूट चुकी है। ईशा ने अपनी नौ साल की बेटी रियाना के साथ पति का घर छोड़ दिया है। टिम्मी ने कहा कि वे करीब डेढ़ साल से तलाक के बारे में सोच रहे थे। आखिरकार पिछले साल नवंबर में उनका तलाक मंजूर हो गया।पिछले कुछ दिनों से ईशा के तलाक की चर्चा हो रही थी। अब उनके पति टिम्मी ने बताया है कि उनका कानूनी तौर पर तलाक हो गया है। टिम्मी ने कहा कि चूंकि तलाक पहले ही हो चुका है, इसलिए वह किसी भी भ्रम से बचने के लिए यह जानकारी दे रहे हैं।

फिर भी इंस्टाग्राम पर ईशा का पूरा नाम ईशा कोप्पिकर नारंग दिखता है, ऐसे में तलाक को लेकर चल रहे भ्रम को टिम्मी नारंग ने दूर कर दिया है।टिम्मी ने कहा, यह सच है कि हम दोनों अब अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए स्वतंत्र हैं। 2009 में एक जिम में मुलाकात के बाद उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। फिर उन्हें प्यार हो गया और वे शादी के बंधन में बंध गए। उनकी एक बेटी है। ईशा के इंस्टाग्राम पर उनके पूर्व पति के साथ ईशा की कुछ तस्वीरें देखी जा सकती हैं।

# अगली फिल्म छावा के लिए खूब पसीना बहा रहे विक्की कौशल



विक्की कौशल बॉलीवुड के चर्चित एक्टर हैं। फिल्मों में अपने किरदार वे बड़े शानदार तरीके से अदा करते हैं। बीते वर्ष दिसंबर में उनकी फिल्म %सैम बहादुर% रिलीज हुई। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानकेशॉ के जीवन पर आधारित इस फिल्म में विक्की की अदाकारी का हर कोई मुरीद हो गया। सैम मानेकशॉ का किरदार उन्होंने जीवंत कर दिया। एक्टर अब अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए वे जिम में जमकर पसीना बहा रहे हैं। एक्टर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि किरदार में ढलने के लिए वे किस कदर मेहनत कर रहे हैं।

**जिम में बहा रहे पसीने**

विक्की कौशल की आगामी फिल्म %छावा% है। ये एक पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका अदा करेंगे। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से विक्की ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह वर्कआउट करते दिख रहे हैं। एक्टर वेट लिफ्टिंग करते दिख रहे हैं और वर्कआउट गोल्स पूरे करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ एक्टर ने कैप्शन लिखा है, %छावा%।

**पहली बार कर रहे पीरियड ड्रामा फिल्म**

फिल्म छावा के जरिए विक्की पहली बार पीरियड ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं। एक्टर अपने किरदार की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। बीते दिनों इंटरव्यू के दौरान इस फिल्म के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा था, %ये एक पीरियड ड्रामा फिल्म है और मेरे लिए ये पहला मौका है। हम इसे बहुत गंभीरता से बना रहे हैं। इसमें खूब सारा एक्शन है और भरपूर ड्रामा है। इमोशंस से भरपूर ये एक शानदार स्टोरी है%।

रश्मिका मंदाना भी आएंगी नजर

विक्की कौशल ने कहा था कि वे एक्शन हीरो बनना चाहते हैं। फिल्म छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। विक्की कौशल के अलावा फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। वे फिल्म में येसुबाई भोंसले का रोल अदा करती दिखेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय खन्ना औरंगजेब के रोल में नजर आ सकते हैं। इनके अलावा आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता और प्रदीप सिंह रावत जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा होंगे।

## भारतीय सिनमा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ...

# रानी मुखर्जी के इस बयान पर मचा बवाल, हो रहीं ट्रोल



*रानी मुखर्जी बेहतरीन अदाकारी के साथ-साथ अपने बेबाक बयान के लिए भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री को हर मुद्दे पर खुलकर बात करते देखा जाता है। इसी कड़ी में रानी ने भारतीय सिनमा को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बता दिया है। अभिनेत्री का बयान सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। जहां एक वर्ग रानी के समर्थन में आया है, तो वहीं दूसरा वर्ग अभिनेत्री की क्लास लगाते देखा जा रहा है। रानी मुखर्जी ने हाल ही में कहा कि भारत, दुनिया में सबसे अछी फिल्में बनाता है। उन्होंने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित विक्रांत मैसी अभिनीत 12वीं फेल का उदाहरण दिया था। गलाटा प्लस के साथ हाल ही में एक बैठक के दौरान, रानी ने फिल्म निर्माता पृथ्वी कोनानूर के उस बयान के जवाब में टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा था कि जहां तक विचारों का सवाल है, ईरानी सिनेमा भारतीय फिल्मों से बेहतर है। रानी की प्रतिक्रिया को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। रानी मुखर्जी के हस्तक्षेप करने से पहले, पृथ्वी कोनानूर ने कहा था, मैं लोगों से ईरानी फिल्में देखने के लिए कहता हूं। उन्हें देखें। आप हमारी फिल्मों और उनकी फिल्मों के बीच एक बड़ा अंतर देख सकते हैं। मुझे लगता है कि किसी कारण से, हम वास्तव में ईरानी सिनेमा से बहुत पीछे हैं। यह एक ईमानदार राय है। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे ईरानी फिल्में देखें और देखें कि वे विचारों के मामले में कितनी उन्नत हैं, शायद तकनीक के मामले में नहीं, लेकिन विचारों के मामले में वे कहां हैं।*

रानी मुखर्जी ने कहा, इसलिए मैं यहां कुछ कहना चाहूंगी क्योंकि जब वे कहते हैं कि हमें दूसरे लोगों के सिनेमा से सीखना चाहिए तो मुझे थोड़ा बुरा लगता है। मेरा मानना है कि भारतीय सिनेमा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है, इसलिए मैं इससे सहमत नहीं होऊंगी। मुझे वास्तव में खेद है क्योंकि यदि आप उन फिल्मों के बारे में बात करना चाहते हैं जो जड़ों से आती हैं, तो मुझे लगता है कि आपको 12वीं फेल फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह विधु विनोद चोपड़ा द्वारा बनाई गई एक शानदार फिल्म है और यह भारत के बारे में बात करती है। सब कुछ बहुत शानदार ढंग से दिखाया गया है। मुझे लगता है कि हम भारत में सबसे विविध फिल्में बनाते हैं। जब आप भारत के बाहर की फिल्मों के बारे में बात करते हैं, तो उनमें भारत जैसी विविधता नहीं होती। मेरा मानना है कि भारतीय सिनेमा के पास देने के लिए बहुत कुछ है और वास्तव में यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। मैं भारतीय सिनेमा की तुलना दुनिया के किसी भी अन्य सिनेमा से नहीं करना चाहूंगी क्योंकि हमारे पास सबसे सची कहानियां हैं, सबसे जमीनी कहानियां हैं। रानी मुखर्जी के इस बयान को सोशल मीडिया पर जबरदस्त आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, ऐसा तब होता है जब लोग अपने देश के बाहर की पर्याप्त फिल्में नहीं देखते हैं।

# सलमान खान के पनवेल फॉर्म हाउस में दो लोगों ने की जबरन घुसने की कोशिश

## पुलिस ने किया गिरफ्तार



*मुंबई- बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान को पिछले साल कई बार लॉरेंस गैंग द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी. जिसके चलते उनकी सिक्योरिटी में काफी इजाफा किया गया था. उन्हें जेड प्लस सिक्योरिटी भी दी गई है इन सबके बीच बड़ी खबर आ रही है कि सलमान खान के पनवेल के फार्म हाउस पर दो संदिग्ध लोगो ने जबरन घुसने की कोशिश की है. हालांकि दोनों आरोपी फार्म हाउस में घुस पाते उससे पहले ही सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया.*

***पुलिस को दोनों आरिपियों के पास से मिले फर्जी आईडी कार्ड*** *पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने सलमान खान के फॉर्म हाउस के तार तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की थी. पुलिस ने ये भी बताया कि जिस समय आरोपियों ने सलमान खान के पनवेल के फॉर्म हाउस में घुसने की कोशिश की उस दौरान एक्टर वहां मौजूद नहीं थे. फिलहाल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.दोनो की गतिविधियां संदिग्ध हैं लेकिन पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुद को सलमान खान का फैन बताया है. वहीं पुलिस को दोनों आरोपियों के पास से फर्जी ढ्ष्ठ कार्ड भी मिले हैं हालांकि उनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.*

***पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं में किया केस दर्ज*** *पुलिस ने बताया आरोपियों के नाम अजेश कुमार गिल और गुरुसेवक हैं. पूछताछ के दौरान दोनों के पंजाब और राजस्थान से होने की जानकारी मिली है. फिलहाल पुलिस आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है और सलमान खान के फॉर्म हाउस में घुसने के उनके मनसूबे का पता लगाने की कोशिश कर रही है. इन सबके बीच पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड मिलने के चलते दोनों के खिलाफ कई धाराओं में केस भी दर्ज कर लिया है. फिलहाल मामला गंभीर है और पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है.*

## सिंगल कॉलम

# उत्तर पश्चिम रेलवे में अपरेंटिस पदों पर निकली भर्ती



*रेलवे भर्ती सेल , उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर ने अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है। इन रिक्तियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया कल यानी 10 जनवरी 2024 से शुरू होगी, जबकि आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 10 फरवरी 2024 तक है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार उत्तर पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट rrcjapur.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।*

रिक्तियों का विवरण- उत्तर पश्चिम रेलवे में यह भर्ती अभियान 1646 अपरेंटिस पदों को भरने के लिए चलाया जा रहा है। रिक्तियों का विवरण आप नीचे देख सकते हैं- डीआरएम कार्यालय, अजमेर डिवीजन 402 पद डीआरएम कार्यालय, बीकानेर डिवीजन 424 पद डीआरएम कार्यालय, जयपुर मंडल 488 पद डीआरएम कार्यालय, जोधपुर मंडल 67 पद बीटीसी कैरिज, अजमेर 113 पद बीटीसी लोको, अजमेर 56 पद कैरिज वर्क शॉप, बीकानेर 29 पद कैरिज वर्क शॉप, जोधपुर 67 पद

***आयुसीमा*** *उत्तर पश्चिम रेलवे में अप्रेंटिस पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना 01 फरवरी 2024 से की जाएगी।*

***शैक्षणिक योग्यता*** *उत्तर पश्चिम रेलवे में अप्रेंटिस पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को मान्यता प्राप्त बोर्ड से कुल मिलाकर न्यूनतम 50त्न अंकों के साथ 10वीं कक्षा की परीक्षा या इसके समकक्ष (10+2 परीक्षा प्रणाली के तहत) उत्तीर्ण होना चाहिए। उसके पास राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी अधिसूचित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यापार प्रमाणपत्र भी होना चाहिए।*

***आवेदन शुल्क***- *सभी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये है। एससी/एसटी, बेंचमार्क दिव्यागों (पीडब्ल्यूबीडी), महिला उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। शुल्क का भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जाना चाहिए।*

# इंदौर, रतलाम और उज्जैन सराफा बाजार में सोने और चांदी के रेट

इंदौर। भारतीय सराफा बाजार में वैवाहिक सीजन की ग्राहकी दिखने लगी है। इंदौर बाजार में भी सोने और चांदी के गहनों में लोकल के साथ ही बाहरी मांग का दबाव बनना शुरू हो गया है। मकर संक्रांति के साथ ही शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। इस बार मुहूर्त भी अधिक होने के कारण डिमांड अच्छी रहने की उम्मीद है। यही वजह है कि विदेशी बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय बाजारों में सोना और चांदी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।मंगलवार को इंदौर में सोना कैडबरी 150 रुपये बढ़कर 63250 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 600 रुपये उछलकर 73600 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सोना घटकर 2037 डालर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। वहीं चांदी 18 सेंट बढ़कर 23.38 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। चांदी में छोटे निवेशकों की शॉर्ट टर्म की खरीदी बनी



हुई है, जिससे चांदी को बढ़त मिल रही है। कामेक्स सोना ऊपर में 2037 तथा नीचे में 2027 डालर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 23.38 व नीचे में 23.07 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

***इंदौर में सोना-चांदी के बंद भाव***

सोना कैडबरी रवा नकद में 63250 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 64050 रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 58670 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। सोमवार को सोना 63100 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 73600 रुपये, चांदी टंच 73775 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 73650 रुपये प्रति किलो बोली गई। सोमवार को चांदी 73000 रुपये पर बंद हुई थी।

***उज्जैन सराफा बाजार में सोना-चांदी के दाम***

सोना स्टैंडर्ड 63350 रुपये तथा सोना रवा 63250 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव रहे। वहीं, चांदी पाट 73700 रुपये तथा चांदी टंच 74600 रुपये प्रति किलो बोली गई। सिक्का 800 रुपये प्रति नग रहा।

**रतलाम सराफा बाजार में सोना-चांदी के दाम**

सोना स्टैंडर्ड 64100 रुपये तथा सोना रवा 64050 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव रहे। वहीं, चांदी चौरसा 73650 रुपये तथा चांदी टंच 73750 रुपये प्रति किलो बोली गई।

# एयरटेल और अडानी की कंपनी में हुई बड़ी साझेदारी, 2 करोड़ स्मार्ट मीटर को देगी 'पावर'

*भारती एयरटेल और अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (AESL) के बीच एक साझेदारी हुई है। इस पार्टनरशिप के तहत भारती एयरटेल की बिजनेस-टू-बिजनेस इकाई एयरटेल बिजनेस असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के लिए 2 करोड़ स्मार्ट मीटर को कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। भारती एयरटेल के शेयर मंगलवार को 1.50 पर्सेंट की तेजी के साथ 1064.90 रुपये पर बंद हुए हैं। सर्विसेज को लेकर कंपनी ने कही यह बात एयरटेल बिजनेस ने एक बयान में कहा है, 'एयरटेल*



*अपने मजबूत देशव्यापी कम्युनिकेशंस नेटवर्क के जरिए अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के सभी डिप्लॉयमेंट्स के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी।' कंपनी ने कहा है कि एयरटेल का स्मार्ट मीटरिंग सॉल्यूशंस ह्क्क-ढ्ढश्ज्ञ, 4त्र और 2त्र से पावर्ड है, यह अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस को रियल-टाइम कनेक्टिविटी सुरक्षित करने में मदद करेगा। साथ ही, यह स्मार्ट मीटर्स और हेडइंड एप्लीकेशंस के बीच अहम डेटा का ट्रांसमिशन सुनिश्चित करेगा।*

***अडानी ग्रीन सॉल्यूशंस के पास 2 करोड़ स्मार्ट मीटर की ऑर्डर बुक***

*यह सॉल्यूशन एयरटेल के ढ्ढश्ज्ञ प्लेटफॉर्म- 'एयरटेल ढ्ढश्ज्ञ हब' से भी पावर्ड होगा, जो कि स्मार्ट मीटर ट्रैकिंग और एडवांस्ड एनालिटिक्स के साथ मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगा। यह रियल टाइम इनसाइट्स और सर्विसेज भी देगा, जिससे कस्टमर्स का अपने एनर्जी कंज्म्प्शन पर बेहतर कंट्रोल होगा। बयान के मुताबिक, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (श्वस्रु) के पास असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तराखंड की पावर यूटिलिटीज से 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स की ऑर्डर बुक है।*

## खेल/प्राणायाम/अरोग्य

# न्यूलैंड्स की पिच पर आया फैसला



## ICC ने दी 'असंतोषजनक' रेटिंग, मैच रेफरी ने रिपोर्ट में क्या

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल की शुरुआत में केपटाउन में खेला गया मैच टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला रहा. यह मैच महज 642 गेंद तक चला यानी डेढ़ दिन में ही मैच का नतीजा निकल गया. खराब पिच के चलते यहां धड़ाधड़ विकेट गिरते रहे थे. इसे लेकर अब ICC ने एक्शन लिया है. ICC ने केपटाउन में न्यूलैंड्स की पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है और एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है केपटाउन टेस्ट में मैच के पहले ओवर से ही पिच पर अनियमित बाउंस नजर आया. तेज गेंदबाजों को सीम मुवमेंट भी बहुत ज्यादा मिला. यही कारण रहा कि मैच के पहले दिन ही कुल 23 विकेट गिर गए. यह मुकाबला टीम इंडिया के पक्ष में गया था. भारत ने इस मैच को जीतकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से ड्रॉ करने में कामयाबी हासिल की थी. मैच के दौरान और मैच के बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने इस पिच की खूब आलोचना की थी.

**मैच रेफरी ने रिपोर्ट में क्या लिखा?**

मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने इस पिच को लेकर आईसीसी को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा, 'न्यूलैंड्स की पिच बल्लेबाजी के लिए बहुत ज्यादा मुश्किल थी. पिच पर बाउंस बहुत ज्यादा तेज था. कई बार तो यह चेतावनी वाला रहा. इससे बल्लेबाजों को शॉट जमाने में मुश्किलें हुई. कई बार बल्लेबाजों के ग्लव्ज में गेंद पड़ी. ज्यादातर विकेट अजीबोगरीब बाउंस के कारण गिरे.'

**डिमेरिट पॉइंट मिलने से क्या होगा?**

ICC की ओर से पिच को चार तरह की रेटिंग दी जाती है- बहुत अच्छी, अच्छी, असंतोषजनक और अनफिट. अंसोषजनक रेटिंग मिलने पर एक डिमेरिट पॉइंट मिलता है तो अनफिट होने पर तीन रेटिंग पॉइंट दिए जाते हैं. अगर एक मैदान को 5 साल के पीरियड में 6 डिमेरिट पॉइंट मिल जाते हैं तो उस मैदान पर पूरे एक साल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेले जाने पर प्रतिबंध लग जाता है.

# ज्यादा फोन चलाने से दिमाग पर पड़ता असर

इंदौर । आज के समय में मोबाइल एक ऐसा हथियार है जो लगभग सभी लोगों के पास है. इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोबाइल का हमारे दैनिक जीवन में बहुत सा उपयोग है. कई मायनों में ये हमारे जीवन को सरल बनाता है, कुछ कामों को तो चुटकियों में कर देता है. लेकिन जैसा की हम जानते हैं हर पॉजिटिव चीज के साथ कुछ न कुछ नीगेटीव भी होता है.

आज मोबाइल में ऐसे फीचर आ गए हैं जिसको बहुत सरलता से उपयोग किया जा सकता है. लेकिन इसका दूसरा पक्ष ये भी है कि इसकी आदत भी बहुत आसानी लगती है. अक्सर ऐसा होता है कि लोग बिना मतलब के भी फोन चलाते रहते हैं, रील देखते हैं. मोबाइल के एल्गोरिदम को इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि फोन चलाने का आदत लगना बहुत आम बात है.

एक रिसर्च में पाया गया है कि आम तौर पर एक व्यक्ति दिन भर में 58 बार मोबाइल उठाता है. वहीं औसतन एक व्यक्ति का स्क्रीन टाइम दिनभर में 7 घंटे का है. बहुत से लोगों को ये मालूम होगा कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करना सेहत के लिए हानिकारक होता है, लेकिन



बहुत कम लोगों को ये मालुम होगा कि ये शरीर के लिए कितना घातक हो सकता है. ये न सिर्फ मानसिक रूप से बल्कि शारीरिक रूप से भी सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाता है. मोबाइल अधिक चलाने की वजह से स्लीप साइकिल खराब होता है, मानसिक तनाव होता है, सोचने समझने की शक्ति कम होती है, सिर दर्द होता है, पाचन क्रिया खराब होता है आदि.

**डोपामाइन हार्मोन**

मोबाइल कुछ लोगों के जीवन में इस कदर समय पर कब्ज कर चुका है कि सुबह उठते ही सबसे पहले मोबाइल ही उठाते हैं. वो चेक करते हैं कि कोई मैसेज तो नहीं आया, किसी सोशल मीडिया का कोई नोटिफिकेशन तो नहीं आया, मेरे पोस्ट को कौन-कौन लाइक किया है, कौन कमेंट किया है आदि आदि. लोग हर समय अपडेट रहना चाहते हैं, इसलिए ब्रेन बार बार मोबाइल छूने का सिग्नल देता है. ये ठीक वैसा ही है जैसे कुछ लोग क्रिकेट देखते समय एक-एक रन का अपडेट रखना चाहते हैं. दरअसल, ये सब करने पर हमारे दिमाग में रासायनिक प्रतिक्रिया होती है और डोपामाइन हार्मोन रिलीज होता है. जब हमें किसी काम को करने में खुशी मिलती है तो डोपामाइन रिलीज होता है. जिसकी वजह से उस काम को करने की और इच्छा होती है और धीरे-धीरे लत में बदल जाती है. इस लत की वजह से स्ट्रेस क्रोनिक स्ट्रेस में बदल जाता है.

इसलिए ये बहुत जरूरी है कि इस आदत से छुटकारा पाया जाए. आइये जानते हैं कि किस तरीके मोबाइल चलाने की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है.

1- सबसे पहले तो जिस भी पॉकेट में फोन को रखते हैं उसकी जगह कुछ दिनों के लिए बदल दें. इससे जब आपका दिमाग मोबाइल छुने का सिग्नल देगा और आप अपना हाथ पॉकेट पर ले जाएंगे तो आपको याद आएगा की फालतू में फोन नहीं चलाना है.

2- स्मार्टफोन के सेटिंग्स में जाकर नोटिफिकेशन बंद कर दें. इससे बार बार आपका ध्यान फोन पर नहीं जाएगा. अगर किसी को जरूरी काम होगा तो वो आपको सीधे कॉल करेगा.

3- जरूरी काम करते समय फोन को खुद से बहुत दूर रखें. इससे आपका दिमाग डायवर्ट नहीं होगा.

4- सोने से पहले मोबाइल खुद से दूर रखें. इससे उठते समय आपके बेड पर फोन नहीं होगा तो सुबह के समय का उपयोग अन्य कामों के लिए कर सकेंगे.

5- अपने दिन का कुछ समय किताबों के साथ बिताये. इस समय कोशिश करें कि फोन ऑफ कर दें, इंटरनेट बंद कर दें या डू नॉट डिस्टर्ब मोड ऑन कर दें.

6- अपने खाली समय को मोबाइल चलाने के बजाय किसी और काम में उपयोग करें. जैसे- गार्डेनिंग करें, दोस्तों से मिलें, पार्क में टहलें.

7- दिनभर में कम से कम 2-3 घंटे मोबाइल से दूर रहने का आदत डालें

# जवां दिखने रोजाना पिएं सहजन की पत्तियों का जूस

हर कोई चाहते हैं की बढ़ती उम्र के बाद भी वो हमेशा जवां और फिट रहे. आपने सहजन का नाम तो सुना ही होगा. ये सेहत के लिए बेहद ही काम की चीज है. अगर आप इसका रोजाना जूस पीते हैं तो आप हमेशा फिट रहते हैं.

**वजन कम**- सहजन की पत्तियां शरीर के लिए काफी ज्यादा लाभदायक होती है. अगर आप इसकी पत्तियों का जूस बनाकर रोजाना सेवन करते हैं तो आपका वजन कम होगा और आप हमेशा फिट रहेंगे.



**डायबिटीज** डायबिटीज के मरीजों को इसका रोजाना सेवन करना चाहिए. ये ब्लड शुगर के स्तर को कम करने के लिए मददागार साबित होता है.

**हड्डियों को मजबूत** शरीर को मजबूती देने के लिए भी ये काफी फायदेमंद होता है. इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों की समस्या को दूर और मजबूती देने के लिए फायदेमंद है.

**गंदे खून को साफ**

शरीर में जमें गंदे खून को साफ करने के लिए भी आप इसका उपयोग कर सकते हैं. आपको बता दें खून को डिटॉक्सिफाई करने में ये काफी मददगार होता है.

# महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू

## हरसिद्धि से 5 नंबर गेट तक नया मार्ग

सिटी चीफ



उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई हैं। मंदिर समिति अब मंदिर के बाहर भीड़ प्रबंधन के लिए अधोसंरचना का विकास करने में जुटी है। इसके लिए हरसिद्धि चौराहा से बड़ गणेश होते हुए 4 व 5 नंबर गेट का उन्नयन होगा।यह काम इसलिए भी जरूरी है कि 1 जनवरी के दिन हरसिद्धि चौराहा पर भीड़ का अत्यधिक दबाव होने से महाकाल दर्शन करने के बाद श्रद्धालु चारधाम मंदिर के सामने बने जूता स्टैंड पर नहीं पहुंच पाए थे। नतीजतन सैकड़ों श्रद्धालु जूते चप्पल छोड़कर गंतव्य को रवाना हो गए। मंदिर प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया चारधाम मंदिर के सामने नवनिर्मित शक्तिपथ, श्री महाकाल महालोक, मान सरोवर फैसिलिटी सेंटर तथा टनल 1 व 2 के रूप में हुए निर्माण कार्यों की बदौलत एक दिन में 18 से 20 लाख भक्तों को सुविधा से भगवान महाकाल के दर्शन कराए जा सकते हैं। 31 दिसंबर व 1 जनवरी को दो दिन में 10 से 12 लाख भक्तों ने सुविधा से भगवान महाकाल के दर्शन किए हैं। जबकि दोनों दिन उपलब्ध सुविधाओं का आधी क्षमता के साथ उपयोग किया गया था। महाशिवरात्रि पर 15 से 20 लाख भक्तों के आने का अनुमान है। ऐसे में अब बाहर भीड़ प्रबंधन के इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए हरसिद्धि चौराहा से बड़े गणेश होते हुए 4 व 5 नंबर गेट का विकास कराया जाएगा। 8 मार्च को महाशिवरात्रि तक नए निर्माण का 90 फीसद काम पूरा हो जाएगा। 29 फरवरी से शिवनवरात्र, दूल्हा बनेंगे महाकाल ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 29 फरवरी को फाल्गुन कृष्ण पंचमी से शिवनवरात्र का शुभारंभ होगा। पुजारी भगवान महाकाल का दूल्हा रूप में श्रृंगार करेंगे। मंदिर में नौ दित तक शिव विवाह उत्सव मनाया जाएगा। 8 मार्च महाशिवरात्रि तक भगवान का नितनए स्वरूप में श्रृंगार होगा। शिवनवरात्र में भोग आरती व संध्या पूजन का समय भी बदलेगा। महाशिवरात्रि पर लगातार 42 घंटे होंगे दर्शन 8 मार्च को महाशविरात्रि पर महानिषाकाल में महाकाल की महापूजा होगी। भक्तों को लगातार 42 घंटे भगवान महाकाल के दर्शन होंगे। 7 व 8 मार्च की दरमियानी रात 2.30 बजे मंदिर के पट खुलेंगे। इसके बाद भगवान महाकाल की भस्म आरती होगी। इसके साथ ही आम दर्शन की शुरुआत हो जाएगी, जो 9 मार्च की रात 11 बजे पट बंद होने तक जारी रहेगी।

# लंबे समय के बाद बन रहा मंदिर, दर्शन की कामना

सिटी चीफ

अयोध्याधाम स्थित जन्मभूमि में रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर का सपना केवल हमने नहीं हमारे पूर्वजों ने भी देखा था। यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि लंबे संघर्ष के बाद 22 जनवरी को यह सपना साकार होने वाला है। अयोध्याधाम में राममंदिर निर्माण के लिए कई रामभक्तों ने रामकाज के लिए अपना बलिदान दिया है। अब एक ही आकांक्षा है कि अयोध्याधाम में विराजित अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन कर अपना जीवन धन्य कर सकें। 22 जनवरी के बाद वे रामलला के दर्शनों के लिए जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं। यह कहना है पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा का है।मिश्रा ने 1990 व 1992 की कारसेवा सहभागिता की है। पहली कारसेवा का स्मरण करते हुए पूर्व मंत्री ने बताया कि उस समय विधायक था। शीर्ष नेतृत्व ने रामलला हम आएंगें, मंदिर वही बनाएंगें नारे के साथ अयोध्याधाम में कारसेवा के लिए रामभक्तों का आह्वान किया। यह नारा हर सनातनी की जुबान पर था। सनातनियों में राम मंदिर को लेकर उत्साह को देखकर उत्तरप्रदेश की तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार भी भयभीत थी। उस सरकार ने दंभ भरते हुए एलान किया कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। इससे कारसेवकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया था। पहली कारसेवा के लिए सैकड़ों रामभक्तों के साथ झांसी मार्ग से अयोध्या के लिए प्रस्थान करना था। हम लोग सड़क मार्ग से झांसी पहुंचे। दतिया-झांसी सीमा चिरौला में ही हम लोगों को गिरफ्तार कर खुली जेल रानी लक्ष्मीबाई शारीरिक व्यायामशाला में पहुंचा दिया। पूर्व मंत्री ने बताया कि झांसी की खुली जेल में बैजनाथ, जगदीश गुप्ता, विश्वनाथ मित्तल, जयभान सिंह पवैया सहित सभी लोग थे। पुलिस व्यायामशाला की निगरानी कर रही थी, किंतु हम लोग जत्थों के रूप में सड़कों पर निकल आते थे। जयश्रीराम का जयघोष करते हुए जनजागरण करते थे। रामलला हम आएंगें, मंदिर वही बनाएंगे का नारा लगाते थे। स्थानीय रामभक्त हमारे साथ जुड़ जाते थे। घरों से यही जयघोष सुनाई देता था। सरकार ने हम लोगों को खुली जेल में रखने के बाद भोजन-पानी का कोई इंतजाम नहीं किया था। स्थानीय लोग आसपास के जिलों से आए कारसेवकों के चाय-नाश्ते से लेकर भोजन की व्यवस्था कर रहे थे। स्थानीय लोगों का उत्साह देखकर कारसेवकों का जज्बा चरम पर था। एक कारसेवक को लगी गोली उस समय सूचनाओं के आदान-प्रदान के साधन कम थे। एक फोन अवश्य व्यायामशाला में लगा था। प्रशासन ने उसके भी तार काट दिए थे।

# मंदसौर जिले में चलती कार में अचानक लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

सिटी चीफ





**मंदसौर** । मंगलवार की सुबह दलौदा थाने के निकट फोरलेन हाईवे पर अचानक चलती कार में आग लग गई। इस दौरान हालांकि कार चालक समय रहते कार से बाहर निकल गया। करीब एक घंटे बाद दो दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार दलौदा थाने से कुछ दूरी पर फोरलेन हाइवे पर जा रही टाटा नैनो कार में अचानक से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। रतलाम के सैलाना से मंदसौर के जवासिया गांव जा रही थी कार चालक मनोज कसेरा ने बताया कि वह रतलाम के सैलाना से मंदसौर जिले के जवासिया गांव जा रहा था। दलौदा में तहसील के सामने हाईवे पर अचानक से कार के इंजन में चिंगारी के साथ धुआं निकलता देख कार सड़क किनारे खड़ी कर बाहर निकला। देखते ही देखते जलने लगी कार कार चालक के अनुसार कुछ समझ में आता इतने में कार जलने लगी। थाना निकट ही था लिहाजा पुलिस ने दमकल को सूचना दी । करीब एक घण्टे बाद मंदसौर नगर पालिका और नगरी नगर परिषद से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाई तब तक कर कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी ।

### ग्वालियर में मनेगा भव्य रामोत्सव

# 500 से अधिक मंदिरों में होंगे आयोजन 20 संतों को अयोध्या से आमंत्रण



**ग्वालियर।** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नगर के 20 संतों को आमंत्रित किया है। विश्व हिन्दू परिषद ने आयोध्या से आए आमंत्रण पत्रों को संतों को व्यक्तिगत रूप से देकर अयोध्याधाम के लिए निमंत्रित किया। संतों ने सहर्ष प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही नगर के 500 से अधिक मंदिरों में श्री राम उत्सव मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। सरदार जमदार साहेब का प्राचीन शिव मंदिर परिवार के माध्यम से 22 जनवरी को पंचमुखी हनुमान मंदिर से कृष्णा एनक्लेव कॉलोनी तक रामलला की पालकी शोभायात्रा निकाली जायेगी। विहिप ने इन मंदिरों के ट्रस्टियों, पुजारी व संत-संतों से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन देवालयों में आकर्षक विधुत-सज्जा, दीप प्रज्वलित, रामनाम कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था।वहीं गृह संपर्क अभियान के नौवें दिन राम भक्तों ने 14 हजार 900 परिवारों से संपर्क कर पीले अक्षत देकर 22 जनवरी के बाद अयोध्या धाम दर्शन के लिए आमंत्रित किया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी सौभाग्य की बात विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से ग्वालियर के 20 से अधिक संतो को निमंत्रण दिया जा रहा है। मंगलवार को आभा मठ के महंत उपेंद्र शेगांवकर महाराज, ऋषभ देव महाराज लाल टिपरा,अभय कात्यायनी महाराज, सुदीक्षा नन्द महाराज, चुना खो महाराज, मद्धा खो महाराज, ढोली बुआ महाराज को निमंत्रण विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता व्यक्तिगत तौर पर दिए हैं। वहीं संतों ने आमंत्रण पत्र को स्वीकार करते हुए कहा कि रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल सौभाग्य की बात है।

## सुसनेर में सड़क हादसा, दो ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में लगी आग, अन्य वाहन भी आए चपेट में



आगर-मालवा के सुसनेर नगर में शनिवार देर शाम को भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां दो ट्रकों की हुई आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों में आग लग गई, जिसकी चपेट में दो अन्य वाहन भी बताए जा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना आगर-मालवा के नेशनल हाइवे पर स्थित डाक बंगला चौराहे की बताई जा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि दो ट्रकों में हुई आपसी भिड़ंत के बाद दोनों में आग लग गई, जिसकी चपेट में एक अन्य ट्रक व सड़क पर खड़ी हुई कार भी लपेटे में आ गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि उसमें विस्फोट भी हो रहा था। साथ ही लोगों के फंसे होने की आशंका भी जताई जा रही है।घटना की सूचना के पश्चात से ही जिले भर की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। आगर एसपी विनोद कुमार सिंह व SDM मिलिंद ढोके घटनस्थल पर पहुंचे हैं, जहां आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आग लगने के लगभग आधे घंटे के पश्चात भी नगर परिषद का दमकल मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगो में काफी नाराजगी भी है।

# 5 वर्षीय बालक का अपहरण, कपड़े दिलाने के बहाने ले गई अज्ञात महिला

देवास। शहर के ढांचा भवन क्षेत्र से एक पांच वर्षीय बालक के अपहरण का मामला सामने आया है। बालक को कोई अज्ञात महिला कपड़े दिलाने के बहाने अपने साथ ले गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात महिला व पुरुष के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत ढांचा भवन निवासी शफीका बी सुबह काम करने के लिए फैक्ट्री गई थी। घर पर उनके दो बेटे थे। जब वे शाम को घर लौटीं तो छोटा बेटा पांच वर्षीय अरशान खान घर पर नहीं था। उन्होंने आसपास में तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

बड़े बेटे ने दी यह जानकारी बड़े बेटे ने बताया कि एक महिला और पुरूष उसे कपड़े दिलाने के बहाने लेकर गए हैं। महिला ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस कर रही तलाश सीएसपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है। बच्चे की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। मंगलवार को पुलिस की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ करती रही। पुलिस ने कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की। मंगलवार देर शाम तक बालक के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई थी।

# अब बगौर यूनिक नंबर के ई-रिक्शा चलाने पर होगी कार्रवाई



**उज्जैन** । यातायात पुलिस शहर के सभी ई रिक्शा का रिकार्ड अपडेट रखेगी। इसके लिए साढ़े पांच हजार से ज्यादा ई रिक्शा पर यूनिक नंबर डालने का काम किया जा रहा है। अब तक पुलिस 2500 ई रिक्शा पर यूनिक कोड दर्ज कर चुकी है। ड्रायवर के लाइसेंस से लेकर उसका पूरा रिकार्ड पुलिस के पास रहेगा। किसी भी आपराधिक गतिविधि में पुलिस को यूनिक कोड मिलते ही चालक की पूरी कुंडली सामने आ जाएगी। इससे ट्रैफिक सुधार में भी मदद मिलेगी। उज्जैन में 4500 से ज्यादा आटो भी रजिस्टर्ड हैं।ट्रैफिक टीआइ दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि यातायात सुधार की दिशा में ई रिक्शा पर यूनिक नंबर डाले जा रहे हैं। रोजाना 100 से ज्यादा ई रिक्शा यातायात थाने पर बुलवाकर उन पर नंबरिंग करवाई जा रही है। शहर में साढ़े पांच हजार से ज्यादा ई रिक्शा बताए जा रहे हैं, जिन पर यूनिक नंबर चस्पा किया जा रहा है। नंबर से पुलिस आसानी से ई रिक्शा की पहचान कर सकेगी।पुलिस का कहना है कि जिन चालकों के पास लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं होगा उन्हें अवैध माना जाएगा। ऐसे ई रिक्शा पर यूनिक नंबर भी दर्ज नहीं होगा तथा उन्हें सड़क पर चलने नहीं दिया जाएगा। बगैर नंबर के ई रिक्षा मिलने पर एफआइआर दर्ज करवाई जाएगी। शहर में मार्ग की क्षमता से अधिक ई रिक्शा सड़कों पर यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि शहर में मार्ग की क्षमता से अधिक ई रिक्शा सड़कों पर हैं। ऐसे में यूनिक नंबर से ये फायदा होगा कि ई रिक्शा चिह्नित हो जाएगा व दूसरा उसे चलाने वाले व्यक्ति का पूरा रिकार्ड जैसे उसका रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस की जानकारी पुलिस के पास रहेगी। एक माह में सारे ई रिक्शा पर यूनिक नंबर होगा व उसी के अनुसार उनके संचालन को लेकर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। चालकों का वाट्सएप ग्रुप बनेगा यातायात थाना प्रभारी दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि यूनिक नंबर के साथ अब आटो व ई रिक्शा वालों की पूरी जानकारी रजिस्टर के साथ कम्प्यूटर में भी दर्ज होगी। इनका वाट्सएप ग्रुप भी बनाएंगे जिसे सेक्टर वाइज बांटा जाएगा, जिससे यातायात संबंधी सूचनाओं से ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जा सकेगा।

# चार जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित, 25 जनवरी को मतदान और 27 को आएंगे परिणाम

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला जबलपुर, अशोक नगर, सीहोर एवं खंडवा के रिक्त जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कुल चार जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है।सिंह ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जबलपुर में वार्ड 7, अशोक नगर में वार्ड 5, सीहोर में वार्ड 8 और खंडवा में वार्ड 2 के जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना है। साथ ही 30 दिसंबर 2023 को जिला पंचायत अशोक नगर, खंडवा, जबलपुर एवं सीहोर के रिक्त अध्यक्ष के पद के निर्वाचन का 30 दिसंबर 2023 को निर्धारित कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 30 दिसंबर 2023 को शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2024 है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 8 जनवरी को होगी। अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 10 जनवरी 2024 है। मतदान 22 जनवरी को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना 25 जनवरी को विकासखंड मुख्यालय पर और परिणाम की घोषणा 27 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगी।

# इक्वाडोर में अलग-अलग इलाकों से सात पुलिस अधिकारी किडनैप

कैरिबियन देश से एक अजीबो-गरीब घटना सामने आई है, जहां आरोपियों ने सात पुलिस अधिकारियों को ही किडनैप कर लिया। घटना इक्वाडोर देश की है। बता दें, देश में सोमवार को 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा की थी, जिससे देश में हिंसाएं बढ़ गई हैं। सात पुलिस अधिकारियों का अपहरण देश के अलग-अलग इलाकों से किया गया है। बता दें, तीन पुलिस अधिकारियों को दक्षिणी शहर मचला से, चौथे अधिकारी को क्विटो से तो अन्य तीन अधिकारियों को लोस रियोस प्रांत से बंधक बनाया गया है। ऑस्टिन के कैंसर का अस्पताल में इलाज जारी संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती हैं।




मंगलवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर ने बताया कि स्वास्थ्य परेशानियों के चलते ऑस्टिन एक जनवरी को अस्पताल आए थे। तब से उनका अस्पताल जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्टिन को शुरुआती दिसंबर में पता चला था कि उन्हें कैंसर है। डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ रही हैं मुश्किलें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को संघीय अदालत में पेश हुए। इस दौरान न्यायाधीशों ने ट्रंप के उस दावे पर संदेह जताया कि चुनाव परिणामों को पलटने की साजिश के आरोपों में मुकदमे से सुरक्षा मिलनी चाहिए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने ट्रंप के वकीलों से छूट के समर्थन में दलील पेश करने के लिए कहा है। इस्राइल में 6.22 बिलियन डॉलर मूल्य का भोजन हर साल होता है बर्बाद इस्राइल के पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि इस्राइल में हर साल 6.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का भोजन बर्बाद हो जाता है। आर्थिक स्थिति के कारण इस्राइल में 14 लाख लोग खाद्य असुरक्षा में जी रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि युद्ध के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को खासी क्षति हुई है। युद्ध के कारण खाद्य असुरक्षा की स्थिति और अधिक खराब हो सकती है।

# संयुक्त राष्ट्र का दावाः पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है हाफिज सईद

## काट रहा है 78 साल कैद की सजा

**संयुक्त राष्ट्रः** मुंबई आतंकवादी हमले का सरगना और प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा का प्रमुख हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंकवाद के वित्तपोषण के सात मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद 78 वर्ष के कारावास की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन सूचना में यह जानकारी दी है।

दिसंबर में भारत ने पाकिस्तान से संयुक्त राष्ट्र द्वारा पाबंद आतंकवादी सईद को प्रत्यर्पित करने के लिए कहा था, जो आतंकवाद के विभिन्न मामलों में भारत में वांछित है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति की संशोधित सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा



परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति द्वारा दिसंबर 2008 में वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया सईद 12 फरवरी 2020 से पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंकवाद के वित्तपोषण के सात मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद 78 वर्ष के कारावास की सजा काट रहा है।

# राम मंदिर के उद्घाटन से गदगद अमेरिकी हिंदुओं ने ह्यूस्टन में निकाली रैली

216 गाड़ियां, 5 किमी लंबा काफिला...ह्यूस्टन: इस माह के अंत में अयोध्या में आयोजित होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने रविवार को ह्यूस्टन में एक विशाल कार रैली निकाली। यह रैली भजन और 'जय श्री राम% के नारे लगाते हुए रास्ते में 11 मंदिरों में भी रुकी। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने मंदिर के पदाधिकारियों को 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया। भारत और अमेरिका के झंडे और राम मंदिर की छवि वाले भगवा बैनर लिए 500 से अधिक लोगों ने 216 कारों की लगभग पांच किलोमीटर लंबी कतार के साथ रैली निकाली। इस दौरान अपनी मोटरसाइकिल पर आठ पुलिसकर्मी भी रैली के साथ-साथ मौजूद रहे। ह्यूस्टन के समाज सेवी जुगल मालानी ने श्री मीनाक्षी मंदिर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दोपहर बाद रिचमंड के श्री शरद अंबा मंदिर पहुंचने के बाद इसका समापन हुआ। ह्यूस्टन के व्यस्त मार्गों से होते हुये रैली ने लगभग 160



किलोमीटर की दूरी तय की और छह घंटे की रैली के दौरान करीब 11 मंदिरों पर भी रुकी। मंदिरों में लगभग दो हजार श्रद्धालु इक्ट्ठा हुए, जिनमें युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल रहे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम दिखीं। मंदिरों में भजनों के साथ जुलूस का स्वागत किया गया। वीएचपीए ने कहा, ''विभिन्न मंदिरों में इक्ट्ठा हुए 2,500 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा कार रैली प्रतिभागियों के प्रति दिखाई गई भक्ति और प्रेम अभिभूत करने वाला था। भगवान श्री राम ह्यूस्टन वासियों के हृदय में निवास करते हैं।

# चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने का मिशन स्थगित, नासा ने बताई यह वजह



**इंटरनेशनल डेस्कः** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को अपने चंद्रमा मिशन को स्थगित करने की घोषणा की जिसकी वजह से अब अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा तक उड़ान भरने के लिए कम से कम अगले साल तक और उसकी सतह पर उतरने के लिए कुछ और साल का इंतजार करना होगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने इस साल के अंत में चंद्रमा की कक्षा में चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से उसने अपनी योजना को सितंबर 2025 तक के लिए टाल दिया है। अमेरिका द्वारा चंद्रमा की सतह पर मनुष्य को भेजने के लिए 50 से अधिक वर्षों के बाद दोबारा उस उपलब्धि को दोहराने में भी अब समय लगेगा। नासा ने चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना भी टाल दी है और अब वह इस मिशन को 2025 के बजाय 2026 में अंजाम देने की कोशिश करेगा। यह खबर पिट्सबर्ग की एक कंपनी द्वारा चंद्रमा की सतह पर अपना यान भेजने की कोशिश को ईंधन के रिसाव की वजह से छोड़ने के महज एक घंटे बाद आई। नासा के वाणिज्यिक चंद्रमा मिशन के तहत सोमवार को प्रक्षेपित एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी के पेरेग्रीन लैंडर को अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करना था।

# अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन अस्पताल में भर्ती

## प्रोस्टेट कैंसर सर्जरी के बाद संक्रमण से थे परेशान



अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को प्रॉस्टेट कैंसर के इलाज के लिए दिसंबर में की गई सर्जरी के बाद संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह खुलासा ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में गोपनीयता को लेकर पेंटागन को सार्वजनिक प्रतिक्रिया का सामना करने के कुछ दिनों बाद आया है। राष्ट्रपति जो बाइडन और ऑस्टिन के अपने डिप्टी को भी कथित तौर पर कई दिनों तक अंधेरे में रखा गया था। ऑस्टिन अमेरिकी सेना की कमान संरचना में राष्ट्रपति के बाद दूसरे स्थान पर हैं और उनसे किसी भी समय किसी भी राष्ट्रीय सुरक्षा संकट से निपटने के लिए तैयार रहने की उम्मीद की जाती है। डॉक्टरों के मुताबिक, 70 वर्षीय ऑस्टिन ने दिसंबर की शुरुआत में नियमित जांच कराई जिसके बाद कैंसर का पता लगा। 22 दिसंबर को उन्हें वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया और कैंसर के इलाज के लिए उनकी सर्जरी की गई। उपचार में जटिलताओं का करना पड़ा सामना डॉक्टरों ने कहा, %उन्हें न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा और अगले दिन घर चले गए। हालांकि, पिछले हफ्ते, ऑस्टिन को उपचार से जटिलताओं का सामना करना पड़ा, जिसमें पेट, कूल्हे और पैर में गंभीर दर्द के साथ मतली भी शामिल थी। उन्हें मूत्र पथ के संक्रमण का पता चला था, जिसके बाद उन्हें 2 जनवरी को गहन चिकित्सा इकाई में ले जाया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें पता चला कि ऑस्टिन के पेट में तरल पदार्थ जमा होने से उसकी छोटी आंत की कार्यप्रणाली खराब हो रही थी। इस तरह हुआ उनका उपचार अधिकारियों ने एक बयान में कहा, इसके परिणामस्वरूप उनकी आंतों का इलाज उनके पेट को खाली करने के लिए उनकी नाक के माध्यम से एक ट्यूब डालकर किया गया। अपने पूरे प्रवास के दौरान उन्होंने लगातार प्रगति की है। अधिकारियों ने कहा कि ऑस्टिन का संक्रमण ठीक हो गया है और उनकी प्रगति जारी है। उन्होंने कहा, %हम पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद करते हैं, हालांकि यह एक धीमी प्रक्रिया हो सकती है। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि बाद में अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान, ऑस्टिन ने कभी भी होश नहीं खोया और कभी भी सामान्य एनेस्थीसिया नहीं दिया गया।सोमवार को, व्हाइट हाउस के मुताबिक ऑस्टिन पिछले सप्ताह अस्पताल में भर्ती होने के बारे में देरी से खुलासा करने पर हुए विवाद के बावजूद अपना पद बरकरार रखेंगे।

# यौन शोषण का आरोपी बुद्ध बॉय नेपाल में गिरफ्तार

बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर विवादास्पद आध्यात्मिक नेता राम बहादुर बोमजन को नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने राजधानी काठमांडू के बाहरी इलाके से गिरफ्तार किया है। गौतम बुद्ध के अवतार के रूप में पूजे जाने वाले बोमजन 2020 में महिला शिष्यों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने बाद से फरार चल रहे थे। नेपाली जांच एजेंसी के प्रवक्ता नबराज अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि, हमने उसे सीआईबी की एक टीम द्वारा बुधनिलकांठा (काठमांडू के बाहरी इलाके) से गिरफ्तार किया है। इससे पहले जुलाई 2020 में, सरलाही की जिला अदालत ने एक नाबालिग लड़की अनुयायी (उस समय 15 वर्ष की आयु) द्वारा दायर यौन शोषण का मामला दर्ज किया था। आरोपपत्र के मुताबिक, घटना सरलाही के पत्थरकोट स्थित आश्रम में हुई थी। 2016 में लगा था दुष्कर्म का आरोप पीड़िता ने 4 अगस्त, 2016 को रात में बोमजन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। नाबालिग ने यह भी कहा कि उसने बोमजन से घटना के बारे में दूसरों को न बताने अन्यथा परिणाम भुगतने की धमकी मिलने के बाद इसे छिपाए रखा। शिकायत दर्ज होने के तुरंत बाद, पुलिस को पता चला कि उनके चार शिष्य भी उनके आश्रम से लापता हो गए थे। जून 2020 में, सीआईबी, बागमती प्रांतीय पुलिस और कावरे, सिंधुपालचौक और सरलाही में जिला पुलिस कार्यालयों की एक संयुक्त टीम ने पैरे, सिंधुली में उनके आश्रम पर छापेमारी की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

# इस्राइली हमले में तीन हिजबुल्लाह कमांडरों की मौत

## लेबनानी आंतकी संगठन ने आईडीएफ मुख्यालय पर किया हमला

इस्राइल और हमास के बीच लेबनान सीमा पर भी तनाव बढ़ गया है। इस्राइली हमले में तीन हिजबुल्लाह कमांडरों की मौत हो गई। इसके अलावा, हिजबुल्ला के भी एक ड्रोन ने इस्राइली सेना के उत्तरी कमान पर हमला किया। बता दें, इस्राइल और हमास आंतकी सात अक्तूबर से लगातार लड़ रहे हैं, जिसमें अब तक करीब 24 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इस्राइल ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तीनों हिजबुल्लाह कमांडर दक्षिणी लेबनान के नबातीह क्षेत्र में एक कार में थे। इसी दौरान उन पर मिसाइल हमला हो गया और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, इस्राइल ने इस पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, आईडीएफ का कहना है कि उनके लड़ाकू विमानों ने किला गांव के पास हिजबुल्लाह बुनियादी ढांचे और रॉकेट दागने की तैयारी कर रहे एक दस्ते पर हमला किया था। रिपोर्टों की मानें तो आईडीएफ ने जिस हमले का जिक्र किया वह नबातीह वाले हमले से अलग है। हिजबुल्लाह ने भी किया अटैक इधर, हिजबुल्लाह ने मंगलवार को हिजबुल्लाह कमांडर विसाम ताविल और हमास उप-प्रमुख सलाह अरौरी की हत्या का बदला लिया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल में रॉकेट और ड्रोन से हमला किया। ड्रोन ने सफेद शहर में स्थित आईडीएफ के उत्तरी कमान मुख्यालय पर हमला किया। हमले के यह तीन कारण हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इस्राइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इस्राइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था। इस्राइली सेना लगातार हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है और अतिक्रमण कर रही है। इस्राइली सेना हमारी महिलाओं पर हमले कर रही है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमाद ने अरब देशों से अपील है कि इस्राइल के साथ अपने सभी रिश्तों को तोड़ दें। हमाद ने कहा कि इस्राइल एक अच्छा पड़ोसी और शांत देश कभी नहीं हो सकता है।

## श्रीलंका में जल्द शुरू होगी यूपीआई प्रणाली

# पिछले साल दोनों देशों के बीच हुआ था समझौता

भारत ने श्रीलंका के साथ यूपीआई भुगतान प्रणाली को जल्द शुरू करने पर चर्चा की। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा और सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे के बीच हुई बैठक में इसके क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। बैठक के बाद संतोष झा ने कहा, गवर्नर के साथ बैठक में दोहराया गया कि श्रीलंका के आर्थिक सुधार में भारत एक दृढ़ भागीदार बना रहेगा। श्रीलंका में यूपीआई भुगतान प्रणाली के शीघ्र लॉन्च, भारतीय रुपये के जरिये व्यापार में वृद्धि और श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया पर सकारात्मक चर्चा हुई। मालूम हो कि जुलाई 2023 में दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) स्वीकृति के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत दोनों देशों ने यूपीआई और लंका पे को जोड़कर फिनटेक सेक्टर कनेक्टिविटी पर काम करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

रेलवे के बुनियादी ढांचे में श्रीलंका की सहायता करेगा भारत

भारत-श्रीलंका ने मिलकर रेलवे नेटवर्क को उन्नत करने के लिए पूरे द्वीप राष्ट्र में 9.127 करोड़ डॉलर की लागत से कई कार्य शुरू किए हैं। इससे वस्तुओं-सेवाओं की गतिशीलता बढ़ेगी व आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि श्रीलंका के परिवहन, राजमार्ग




और मास मीडिया मंत्री डॉ. बंडुला गुणवर्धने तथा श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने कई कार्यों का शुभारंभ किया। परिवहन मंत्री गनवार्डेना ने श्रीलंका को विशेष रूप से परिवहन क्षेत्र में दिए गए समर्थन के लिए भारत को धन्यवाद दिया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569